RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-287 जयपुर, शनिवार, 18 अप्रैल 2026 मूल्य-4 रूपये

# महिला आरक्षण से जुड़ा बिल 54 वोट से गिरा

## पास होने के लिए चाहिए थे 352, मिले 298, मोदी सरकार बिल पास कराने में पहली बार नाकाम

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 2029 के चुनाव से ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए सरकार द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक (131वां संविधान संशोधन विधेयक) और परिसीमन विधेयक सहित तीनों विधेयक दो तिहाई बहुमत नहीं मिल पाने के कारण गिर गए। इन विधेयकों को पारित कराने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जब मत विभाजन कराया तो कुल 528 वोट पड़े।

इनमें समर्थन में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े। परिणाम से स्पष्ट है कि महिला आरक्षण से कहीं अधिक परिसीमन को लेकर चिंता जता रहा विपक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आश्वासन के बावजूद अपने विरोध से पीछे हटने को तैयार नहीं हुआ।

सदन के बाहर भाजपा नेताओं ने सीधा आरोप लगाया कि कांग्रेस के कारण महिलाओं को न्याय मिलने में देर होगी। सदन के बाहर राजग की महिला सांसदों ने काली तख्ती लेकर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया।



### एनडीए के पास केवल 298 सांसद, चाहिए 352 थे

बिल पर 528 सांसदों ने वोट किया। इसका दो तिहाई 352 होता है, लेकिन बिल के समर्थन में 298 वोट ही मिले। ह्रष्ठ के पास 293 सांसद हैं। भाजपा सिर्फ 5 अन्य सांसदों को कन्वेंस कर पाई। बाकी विपक्ष को विश्वास में लेने में सफल नहीं हुई, इसलिए बिल पास नहीं करा पाई।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने सदन में ही कह दिया कि हम सभी के पास महिलाओं को आरक्षण देने के ऐतिहासिक विधेयक को पारित करने का अवसर था, लेकिन विपक्ष ने साथ नहीं दिया। माना जा रहा है कि यह चुनाव में बड़ा मुद्दा बनेगा। हर राज्य में राजग की ओर से यह बताया जाएगा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने महिलाओं के जल्द आरक्षण में पेंच फंसाया।

### बिल में क्या था प्रस्ताव?

संविधान संशोधन विधेयक के तहत 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन के बाद लोकसभा सीटों को 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 तक करने का प्रस्ताव था। साथ ही 2029 के आम चुनावों से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की योजना शामिल थी। इसके अलावा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए सीटें बढ़ाने का प्रावधान रखा गया था, ताकि आरक्षण को प्रभावी तरीके से लागू किया जा सके।



### बिल गिरते ही भाजपा महिला सांसदों ने प्रदर्शन किया:संसद के बाहर पोस्टर दिखाए

संसद में शुक्रवार को महिला आरक्षण से जुड़ा संविधान संशोधन बिल बहुमत नहीं मिलने के कारण पास नहीं हो पाया। संसद के बाहर भाजपा की महिला सांसदों ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और पोस्टर लहराए। वहीं राहुल ने बिर पर चर्चा के दौरान दादी, बगीचे और जादूगर के किस्से सुनाए। लोकसभा से बिल गिरने के बाद एनडीए की महिला सांसदों ने संसद के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने बैनर-तख्तियां लेकर 'महिला विरोधी हाय-हाय' और 'इंडी अलायंस हाय-हाय' के नारे लगाए। पोस्टर में लिखा था- नारी शक्ति का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान।

### रवि किशन बोले- मैं अपनी पत्नी के पैर छूता हूं

भाजपा सांसद रवि किशन बोल रहे थे, तभी पीठासीन जगदंबिका पाल ने कहा कि आपका प्रचार भी आपकी पत्नी करती हैं। इस पर रवि किशन ने कहा- हां मेरे एक डेढ़ लाख वोट मेरी पत्नी लेकर आती हैं और मैं उनके पैर छूता हूं। वो छूने नहीं देती लेकिन जब वो गहरी नींद में होती है तब मैं उनके पैर छूता हूं। सबको पैर छूना चाहिए और जो महिला विरोधी हैं उनको भी छूना चाहिए।

### विधेयक को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल पाया

दो दिनों तक चली लंबी चर्चा के बाद मत विभाजन में मोदी सरकार की ओर से प्रस्तुत विधेयक दो तिहाई बहुमत के अभाव में गिर गया। परिणाम घोषित होते ही विपक्षी खेमे ने मेजें थपथपाकर प्रसन्नता व्यक्त की। इसके साथ ही पूर्व में हुए प्रयासों की तरह महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण की राह में राजनीतिक दलों के स्वार्थ और राजनीति फिर आड़े आ गई। जैसे ही 131वां संविधान संशोधन विधेयक गिरा, वैसे ही सत्ता पक्ष ने विपक्ष को महिला विरोधी साबित करने की कोशिश की।

# होर्मुज रूट खुलने के बाद कच्चा तेल 13% सस्ता

## एक बैरल का दाम 99.39 से घटकर 86 डॉलर हुआ





नई दिल्ली

ईरान के होर्मुज रूट को कॉमर्शियल जहाजों के लिए पूरी तरह खोलने के ऐलान के बाद क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) 13% सस्ता हुआ है। शुक्रवार, 17 अप्रैल को दाम करीब 13 डॉलर गिरकर 86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। एक दिन पहले क्रूड ऑयल की कीमत 99.39 डॉलर प्रति बैरल थी। 28 फरवरी को जंग शुरू होने से पहले कच्चा तेल 73 डॉलर प्रति बैरल था। जंग के दौरान 9 मार्च को दाम बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गए थे। तब से पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ने की आशंका जताई जा रही थी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, तेल सस्ता होने से अब यह आशंकाएं भी खत्म हो गई हैं।

### अमेरिका का डाउ जोन्स करीब 1,000 अंक चढ़ा

कच्चे तेल की कीमत गिरने से ग्लोबल मार्केट में भी बड़ी हलचल देखने को मिल रही है। अमेरिका का डाउ जोन्स करीब 1,000 अंक की तेजी के साथ 49,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। एस एंड पी500 में 1.12% और नैस्डैक इंडेक्स में 1.04% की बढ़त देखने को मिल रही है।

### होर्मुज प्रभावित होने से तेल महंगा हुआ था

जंग के बाद ईरान ने होर्मुज रूट लगभग बंद कर दिया था। दुनिया का करीब 20% तेल-गैस इसी रास्ते से गुजरता है। इसके बंद होने से कच्चा तेल, एलपीजी, एल्युमीनियम, फर्टिलाइजर और प्लास्टिक महंगे हुए थे। ब्रिटेन-यूरोप में दवाओं और जरूरी चीजों की कमी का खतरा बढ़ा, क्योंकि शिपिंग खर्च कई गुना बढ़ गया था। इस सप्लाई संकट के कारण अमेरिका में गैस की कीमतें 4.15 डॉलर प्रति गैलन तक पहुंच गई थीं और महंगाई दर में भी उछाल आया था।

# चारधाम यात्रा आज से, 18.25 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया

ऋषिकेश

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शनिवार से शुरू हो जाएगी। ऋषिकेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 10 बसों को यमुनोत्री व गंगोत्री धाम के लिए रवाना करेंगे। ये यात्री 19 अप्रैल को यमुनोत्री-गंगोत्री के कपाट खुलने के वक्त मौजूद रहेंगे। चारधाम के लिए अब तक 18.25 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवा लिया है। पिछले साल 23 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। गुरुवार से ऋषिकेश और हरिद्वार में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर भी शुरू हो गए हैं।

# लोकप्रियता में प्रधानमंत्री मोदी फिर शीर्ष पर, ट्रंप 10वें स्थान पर

नई दिल्ली

वैश्विक लोकप्रियता सर्वे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अभी भी शीर्ष पर बरकरार हैं। अमेरिकी ओपिनियन रिसर्च इंस्टीट्यूट मॉर्निंग कंसल्ट की ओर से जारी हालिया सर्वेक्षण के नतीजों में यह बात सामने आई है। सर्वे में यह भी कहा गया कि वैश्विक राजनीति में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दबदबा साबित कर दिया है। करीब 24 लोकतांत्रिक देशों में किए गए इस सर्वे में शामिल 70 फीसदी लोगों ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताया है।

सर्वेक्षण के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ अन्य वैश्विक नेताओं की तुलना में काफी ऊंचा है। वहीं, दूसरी ओर जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज इस मामले में पिछड़ गए हैं, उन्हें दुनिया का सबसे अलोकप्रिय नेता आंका गया है। इस सूची में दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग (63 फीसदी) और तीसरे स्थान पर चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस (55 फीसदी) रहे। लेकिन मोदी शीर्ष पर रहे।



# राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश

## उन पर ब्रिटिश नागरिकता का आरोप, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- सीबीआई जांच करे

लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को राहुल गांधी के खिलाफ स्रद्ध दर्ज करने का आदेश दिया है। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने कहा, स्रद्ध दर्ज करके मामले को सीबीआइ को ट्रांसफर किया जाए। सीबीआई इसकी जांच करेगी। कोर्ट ने यह आदेश कर्नाटक भाजपा के कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया। उन्होंने राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता लेने का आरोप लगाया था।

28 जनवरी, 2026 को कोर्ट ने विग्नेश शिशिर की याचिका को खारिज कर दिया था। तब कोर्ट ने कहा था- 'मामले में हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट से अब तक कोई आदेश पारित नहीं हुआ है। याचिकाकर्ता की ओर से नागरिकता (सिटीजनशिप) के संबंध में कोई नया या ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है।' हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को खारिज करते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट को लगाए गए आरोपों की सत्यता पर टिप्पणी करने की आवश्यकता नहीं थी।



कोर्ट ने मंत्रालय से 'टॉप सीक्रेट' फाइलें ली सुनवाई के दौरान जज सुभाष विद्यार्थी ने गृह मंत्रालय के फॉरनर्स डिवीजन को निर्देश दिए थे कि मामले से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज पेश करें। मंत्रालय ने केस से जुड़ी सभी फाइलें हाईकोर्ट में पेश कीं।

विग्नेश शिशिर का दावा है कि उन्होंने कोर्ट के समक्ष ऐसे दस्तावेज और साक्ष्य पेश किए हैं, जिनसे यह संकेत मिलता है कि राहुल गांधी यूनाइटेड किंगडम में मतदाता रहे हैं। वहां चुनावों में भागीदारी से जुड़े रिकॉर्ड मौजूद हैं।

पासपोर्ट एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज करने की मांग याचिका में राहुल गांधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट 1923, पासपोर्ट एक्ट 1967 और फॉरनर्स एक्ट 1946 के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिकता से जुड़ा गंभीर विषय है।

शुक्रवार को सुनवाई में यूपी सरकार की तरफ से वकील डॉ. बीके सिंह पेश हुए थे। जबकि केंद्र सरकार का पक्ष वकील एसबी पांडेय ने रखा। याचिकाकर्ता विग्नेश पांडेय की तरफ से बिंदेश्वरी पांडेय कोर्ट में पहुंचे थे।

# देश में पहला- रियल टाइम ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम लागू

जयपुर

फ्लाइट से सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत वाली खबर है। जयपुर एयरपोर्ट पर अब हर पल ट्रैफिक की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। यह देश में ऐसा पहला एयरपोर्ट है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने एआई आधारित ट्रैफिक कंजेशन अलर्ट सिस्टम लागू किया है, जिससे जाम कम होगा और एंट्री-एग्जिट सुचारू रहेंगे। एयरपोर्ट के लैंड साइड और पार्किंग एरिया में वीडियो एनालिटिकल कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे वाहनों की संख्या और मूवमेंट को लगातार ट्रैक करते हैं। जैसे ही किसी एरिया में भीड़ तय सीमा से ज्यादा होती है, तुरंत अलर्ट जनरेट होता है।

# जहरीली गैस से दम घुटने के कारण 2 की मौत

**जयपुर।** जयपुर में सीवरेज टैंक की सफाई के दौरान 2 मजदूरों का जहरीली गैस से दम घुटने लगा, तो दोनों चिल्लाने लगे। सूचना मिलते ही करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों युवकों को सीवरेज टैंक से निकालकर कांवटिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, दोनों कर्मचारी बिना सेफ्टी किट के सीवरेज में सफाई के लिए उतरे थे। यह हादसा करीब 2:00 बजे झोटवाड़ा जोन के शेखावत मार्ग, निवारू रोड, वार्ड नंबर 24 में हुआ। वाल्मीकि सफाई कर्मचारी संगठन ने इस हादसे पर कार्रवाई की मांग की है। संगठन का आरोप है कि बिना सुरक्षा मानक उपकरण दिए सीवर मेन होल की सफाई का कार्य करवाया जा रहा था, और अचानक मीथेन गैस सीवर चेंबर में आने से कर्मचारियों की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# राजस्थान के चूरू में पारा 43 डिग्री पर पहुंचा, हनुमानगढ़ में बारिश

जयपुर

राजस्थान में अगले कुछ दिनों में तापमान 3 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार मौसम साफ रहेगा और गर्मी तेज होगी। शुक्रवार (17 अप्रैल) को वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण हल्की बारिश, आंधी से तापमान में उतार-चढ़ाव रहा। चूरू में जहां तापमान 43 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। वहीं, बाड़मेर, जैसलमेर, पाली समेत कई शहरों के तापमान में गिरावट हुई।

### अचानक बदला मौसम, ओले भी गिरे

पिछले 24 घंटे में हनुमानगढ़, चूरू में सुबह से बादल छाए रहे। दोपहर बाद कुछ स्थानों पर आंधी चलने के साथ बारिश और ओले गिरे। बदले मौसम ने इन जिलों में कटी हुई फसलों को नुकसान हुआ है।

खेतों के अलावा यहां मंडियों में खुले में रखी फसलें भी भीग गईं। हालांकि, चूरू मुख्यालय और उसके आसपास आसमान साफ रहने से धूप तेज रही, जिससे यहां गर्मी बढ़ गई। यहां शुक्रवार को पूरे प्रदेश का सबसे अधिक तापमान रिकॉर्ड हुआ।

### बादल छाए, लेकिन गर्मी से राहत नहीं

पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के असर से जयपुर, भरतपुर, दौसा, टोंक समेत कई जिलों में दिन में आसमान में हल्के बादल छाए रहे, लेकिन गर्मी से कोई खास राहत नहीं मिली। हालांकि, इन शहरों में भी शाम होते ही आसमान साफ हो गया। अजमेर में अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस, भीलवाड़ा में 39.2, उदयपुर में 39.5 और नागौर में 38.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोला, कमर्शियल जहाज गुजर सकेंगे

तेल अवीव/तेहरान

ईरान ने सीजफायर के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोल दिया है। विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने ङ्ग पर पोस्ट कर बताया कि सभी कमर्शियल जहाजों को गुजरने की इजाजत होगी। यह फैसला लेबनान में सीजफायर के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है, ताकि सफर के दौरान कोई खतरा न हो। अराघची ने कहा कि इस दौरान जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही होर्मजु स्ट्रेट खुल गया है लेकिन ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी और यह सिर्फ ईरान पर लागू होगी। इस पर ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर उसके बंदरगाहों पर नाकाबंदी जारी रही, तो वह इसे सीजफायर का उल्लंघन मानेगा और होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा बंद कर देगा।





### परमाणु हथियार बनाने के बहुत करीब ईरान

यूरेनियम एक ऐसा पदार्थ है, जिससे परमाणु ऊर्जा भी बनाई जा सकती है और परमाणु बम भी। फर्क सिर्फ इस बात से पड़ता है कि उसे कितना एनरिच यानी शुद्ध किया गया है। प्राकृतिक यूरेनियम में काम का हिस्सा बहुत कम होता है, इसलिए उसे मशीनों (सेंट्रीफ्यूज) के जरिए स्टेप बाय स्टेप शुद्ध किया जाता है। इसी प्रक्रिया को 'यूरेनियम एनरिचमेंट' कहते हैं। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ह्रश्व की रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के पास कुल मिलाकर करीब 5 से 6 टन के बीच एनरिच्ड यूरेनियम मौजूद है। हालांकि, यह इतना एनरिच्ड नहीं है कि इससे परमाणु हथियार बन सकें।

अभी 120 से 130 किलोग्राम के आसपास यूरेनियम को 60% तक एनरिच्ड किया जा चुका है। अगर यह एनरिच्डमेंट 90% तक कर लिया गया तो इससे परमाणु हथियार बनाए जा सकते हैं। इसलिए अमेरिका और इजराइल, ईरान पर परमाणु कार्यक्रम सीमित करने और एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने का दबाव बनाते रहे हैं।

### अमेरिका ने रूसी तेल खरीदने पर 30 दिन की छूट दी

अमेरिका ने रूसी तेल पर लगे प्रतिबंधों पर दी गई छूट को 16 मई 2026 तक बढ़ा दिया है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के मुताबिक, इस छूट के तहत उन रूसी तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद की अनुमति होगी जो शुक्रवार तक जहाजों पर लोड हो चुके थे। यह छूट उस 30 दिनों की छूट के बाद मिली है, जो 11 अप्रैल को समाप्त हो गई थी।

### ट्रम्प बोले- ईरान में घुसकर एनरिच्ड यूरेनियम अमेरिका लाएंगे

ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका आराम से ईरान में घुसकर उसका एनरिच्ड यूरेनियम अमेरिका लाएगा। ट्रम्प ने रॉयटर्स को दिए इंटरव्यू में कहा कि अमेरिका बिना जल्दबाजी के ईरान में घुसेगा और वहां से यूरेनियम निकालने के लिए बड़े स्तर पर खुदाई करेगा। उन्होंने बताया कि यह काम ईरान के साथ मिलकर किया जाएगा और दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है।

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति बोले- मिडिल ईस्ट में मर्चेंट जहाजों की सुरक्षा नेवी तैनात करेंगे

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में मर्चेंट जहाजों की सुरक्षा के लिए फ्रेंच नेवी तैनात की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कदम समुद्री व्यापार सुरक्षित करने के लिए किया जा रहा है। मैक्रों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि इन रास्तों का सुरक्षित रहना वैश्विक सप्लाई और तेल व्यापार के लिए बेहद जरूरी है।

### ट्रम्प का दावा- ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार

ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है। एनरिच्ड यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में होता है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से यह भी कहा कि दोनों देश शांति समझौते के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह डील हो जाती है तो तेल की सप्लाई शुरू हो जाएगी और हालात सामान्य हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर समझौता इस्लामाबाद में होता है तो वे पाकिस्तान भी जा सकते हैं। हालांकि ईरानी मीडिया ने ट्रम्प के दावे को गलत बताया है और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति हवाई किले बना रहे हैं।

## सबरीमाला मामला: सुप्रीम कोर्ट ने कहा-

# व्यक्तिगत मान्यताओं से ऊपर है संविधान की मर्यादा

नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि आस्था और परंपराएं न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर नहीं हैं। सबरीमला मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश और भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की नौ जजों की संविधान पीठ ने बेहद महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जजों को किसी भी मामले पर फैसला सुनाते समय अपनी व्यक्तिगत धार्मिक मान्यताओं को किनारे रखकर केवल 'अंतरात्मा की स्वतंत्रता' और 'सांविधानिक ढांचे' का पालन करना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान उन बुनियादी सवालों को कुरेदा, जो धर्म और संविधान के टकराव के बीच अक्सर खड़े होते हैं। वहीं, अधिवक्ता राजीव धवन ने दलील दी कि यह लड़ाई सिर्फ एक मंदिर या एक समुदाय की नहीं है, बल्कि यह उन तमाम विश्वासों की है जो संविधानिक दायरे में आते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय का काम समाज में विभाजन को रोकना और सामंजस्य स्थापित करना है, बशर्ते धर्म पर उठाए जाने वाले सवाल सम्मानजनक हों।



## राष्ट्रपति मुर्मू 27 अप्रैल को आएंगी हिमाचल : शिमला, अटल टनल और पालमपुर का दौरा तय

शिमला (एजेंसी)। देश की पहली नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 अप्रैल से छह दिन के दौरे पर हिमाचल प्रदेश पहुंच रही हैं। राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, वे शिमला, अटल टनल और पालमपुर यूनिवर्सिटी जाएंगी। राष्ट्रपति 27 अप्रैल को दिल्ली से चंडीगढ़ और वहां से सीधे शिमला के कल्याणी हेलिपेड पर उतरेंगी। वह दोपहर करीब 12-15 बजे शिमला पहुंचेंगी और राष्ट्रपति निवास रिट्रीट (छराबड़ा) में ठहरेंगी। 28 की सुबह वे राष्ट्रपति निवास में आयोजित उद्घाटन समारोह में शामिल होंगी। 29 अप्रैल को राष्ट्रपति शिमला से अटल टनल रोहतांग जाएंगी, जहां वे सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद शाम को वे वापस छराबड़ा स्थित रिट्रीट लौटेंगी। इसके बाद 30 को राष्ट्रपति पालमपुर स्थित कृषि विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह में भाग लेकर शाम को शिमला वापस लौटेंगी। 1 मई को शिमला में 'एट होम' कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहने वाले है। 2 मई को राष्ट्रपति मुर्मू दिल्ली लौट जाएंगी। बता दें कि शिमला से लगभग 13 किलोमीटर दूर स्थित छराबड़ा में राष्ट्रपति निवास रिट्रीट है। परंपरागत रूप से राष्ट्रपति यहां ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ठहरते हैं। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी दो बार शिमला का दौरा कर चुकी हैं। राष्ट्रपति के दौरे की पुष्टि होते ही प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

## अगले दो दिन में देश में तेज गर्मी और लू की चेतावनी

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के मध्य और दक्षिणी हिस्से में तेज गर्मी पड़ रही है। बीते 2 दिन से राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली और महाराष्ट्र में पारा 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक अचानक गर्मी बढ़ने का सबसे बड़ा कारण पश्चिमी विक्षोभ का कमजोर पड़ना है। ऐसा मौसम 20 अप्रैल तक रहेगा, जिसके कारण पश्चिमी, मध्य और दक्षिण भारत में भीषण गर्मी पड़ेगी। गर्मी के असर से बच्चों को बचाने के लिए महाराष्ट्र के वर्धा में सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्देश दिया है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, गंगा से सटे बंगाल और नगालैंड में आज बिजली गिरने के साथ आंधी-बारिश होने का अनुमान है। जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बर्फबारी, पंजाब और हरियाणा में बारिश हो सकती है। जम्मू और कश्मीर के कुछ हिस्सों में ओले भी गिर सकते हैं। 17 अप्रैल को पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में हल्की से बारिश के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। हिमाचल प्रदेश में हल्की बारिश और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख में बर्फबारी के साथ ओले गिरने की संभावना है। पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में लू चलेगी, जबकि पश्चिमी राजस्थान और झारखंड में भी हीटवेव की शुरुआत हो सकती है। वहीं 18 अप्रैल को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक में हीटवेव की चेतावनी है। वहीं गुजरात, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में गर्म और उमस भरा मौसम बना रहेगा। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भारी बारिश की संभावना है।

## ममता का चुनाव आयोग को खत.... उनके नेताओं की गाड़ियों की जांच हो रही

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में चुनाव के बीच टीएमसी ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर कहा है कि उसके नेताओं को निशाना बनाकर उनकी गाड़ियों की जांच हो रही है। सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया कि कोलकाता एयरपोर्ट जाते समय केंद्रीय बलों ने उनकी गाड़ी की जांच करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि अगर हिम्मत है, तब रोज मेरी गाड़ी चेक करें। एक चुनावी रैली को संबोधित कर ममता ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री-गृहमंत्री की कार की जांच क्यों नहीं होती? उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री पैसा लेकर आते हैं। भाजपा ने पश्चिम बंगाल में मातृशक्ति भरोसा कार्ड लांच किया। बंगाल में सरकार बनने पर राज्य की महिलाओं को हर माह 3,000 देने का वादा किया गया है। कार्यक्रम में सुवेंदु अधिकारी और स्मृति ईरानी मौजूद रहीं। बंगाल में दो फेज में वोटिंग होगी। पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को होगा।

## कांग्रेस नेता थरुर ने मोदी सरकार की रणनीति को 'राजनीतिक नोटबंदी' करार दिया



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरुर ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला कर आरोप लगाया कि वह प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए करना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला आरक्षण विधेयक की आड़ में निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण कर रही है, ताकि उन क्षेत्रों में सीटों की संख्या बढ़ाई जा सके जहां बीजेपी पहले से मजबूत स्थिति में है। कांग्रेस नेता थरूर ने इस रणनीति को 'राजनीतिक नोटबंदी' करार दिया, यह संकेत देकर कि इससे राजनीतिक संतुलन प्रभावित होगा। थरूर के अनुसार, प्रक्रिया का परिणाम यह होगा कि उन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा जहां सत्तारूढ़ दल अपेक्षाकृत कमजोर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित प्रयास है, जिसके तहत कमजोर क्षेत्रों की राजनीतिक शक्ति घटाने और मजबूत क्षेत्रों को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उनका मानना है कि यदि मोदी सरकार का वास्तविक उद्देश्य महिला सशक्तिकरण होता, तब वह बिना किसी देरी के महिला आरक्षण को लागू कर सकती थी। उन्होंने सुझाव दिया कि महिला आरक्षण को आगामी चुनाव से ही लागू किया जा सकता है, बशर्ते राजनीतिक इच्छाशक्ति हो। थरूर ने कहा कि विपक्ष विधेयक का समर्थन करने के लिए तैयार है, लेकिन इस बिल को परिसीमन से जोड़ना उचित नहीं है कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने भी परिसीमन को महिला आरक्षण से जोड़ने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सभी विपक्षी दल महिला आरक्षण के पक्ष में हैं और 2023 में पारित प्रस्ताव का समर्थन करते हैं, लेकिन परिसीमन के जरिए संवैधानिक ढांचे को कमजोर करने के प्रयास का विरोध किया जाएगा।

# केरल में नतीजों से पहले ही कांग्रेस के यूडीएफ गठबंधन में सीएम पद को लेकर खींचतान शुरु





**तिरुवंतनमपुरम, (एजेंसी)।** केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले ही कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के भीतर मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान तेज हुई है। 140 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 9 अप्रैल को हो चुका है और 4 मई को परिणाम आने हैं, लेकिन उससे पहले ही संभावित जीत को लेकर पार्टी के भीतर सीएम चेहरे पर बहस खुलकर सामने आ गई है। जो चर्चा पहले केवल अंदरूनी स्तर पर जारी थी, वहां अब सार्वजनिक मंचों और सोशल मीडिया तक पहुंच चुकी है। विभिन्न नेताओं के समर्थन में ऑनलाइन अभियान चलाए जा रहे हैं और टीवी चैनलों पर इस मुद्दे को प्रमुखता से दिखाया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ता भी खुलकर अपने-अपने पसंदीदा नेताओं का समर्थन कर रहे हैं, जिससे गुटबाजी और अधिक स्पष्ट हो गई है। इस बहस में मुख्य रूप से वीडी सतीशन, केसी वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला जैसे वरिष्ठ नेताओं के नाम सुर्खियों में हैं। वेणुगोपाल के समर्थक उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पकड़ और राहुल गांधी के करीबी सहयोगी के रूप में दिखा रहे हैं। उनका दावा है कि वे सभी गुटों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखते हैं। वहीं, सतीशन को युवा और आक्रामक नेतृत्व के रूप में देखा जा रहा है। उनके समर्थकों का कहना है कि उन्होंने विपक्षी गठबंधन को वाम सरकार के खिलाफ मजबूत बनाया है। दूसरी ओर, चेन्निथला के समर्थक उनके लंबे राजनीतिक अनुभव और वरिष्ठता को उनकी सबसे बड़ी ताकत मानते हैं और उन्हें स्वाभाविक मुख्यमंत्री उम्मीदवार बताते हैं। हालांकि, इस तरह की सार्वजनिक खींचतान ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है। चुनाव के दौरान कांग्रेस ने किसी मुख्यमंत्री चेहरे की घोषणा नहीं की थी और यह फैसला चुनाव बाद हाईकमान पर छोड़ दिया गया था। लेकिन मतदान समाप्त होते ही विभिन्न गुटों के बीच प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली स्थित पार्टी नेतृत्व इस स्थिति से असंतुष्ट है और उसने साफ किया है कि मुख्यमंत्री पद पर अंतिम निर्णय तय प्रक्रिया के तहत ही लिया जाएगा। हाईकमान का मानना है कि इस तरह की सार्वजनिक बयानबाजी और सोशल मीडिया अभियान से पार्टी की एकता पर नकारात्मक असर पड़ सकता है और मतदाताओं के बीच गलत संदेश जा सकता है।

इस बीच वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन ने विवाद पर नाराजगी जताकर कहा है कि इस समय ऐसी बहस उचित नहीं है। राज्य कांग्रेस अध्यक्ष सनी जोसेफ ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री चयन की एक निर्धारित प्रक्रिया है, जो समय आने पर लागू होगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही कई गतिविधियां फर्जी खातों के जरिए संचालित हो सकती हैं। केरल में कांग्रेस के समर्थन वाले गठबंधन में सीएम को लेकर चर्चा उस कहावत को चरितार्थ करती हैं कि गांव बसा नहीं.........और लूटरे पहले आ गए।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम कानून पर औवेसी... ये देश के संघीय ढांचे को नष्ट करेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। एआईएमआईएम पार्टी के प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के कार्यान्वयन से जुड़े प्रस्तावित संवैधानिक संशोधनों को लेकर केंद्र की आलोचना कर कहा कि इससे भारत की संघीय संरचना कमजोर होगी। लोकसभा के विशेष सत्र में बिल पर चर्चा के दौरान एआईएमआईएम प्रमुख औवेसी ने कहा कि ये विधेयक देश के संघीय ढांचे को नष्ट करेगा। मैं इन विधेयकों के प्रस्तुत किए जाने का कड़ा विरोध करता हूं। उन्होंने साहिर लुधियानवी का एक शेर पढ़ा, जिसमें उन्होंने कहा, एक शहंशाह ने बनवा कर हसीन ताजमहल, हम गरीबों की मोहब्बत का उड़ाया है मजाक। संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र नारी शक्ति वंदन अधिनियम कानून को लागू करने के उद्देश्य से 3 संशोधन विधेयकों पर चर्चा के साथ शुरू हुआ, जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करता है। सप्ताह के आरंभ में, केंद्र ने संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 का मसौदा प्रसारित किया, जिसमें महिला आरक्षण ढांचे में बदलाव प्रस्तावित हैं। इस विधेयक के तहत लोकसभा की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान है, जिसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि भी शामिल होगा। इस प्रस्ताव के तहत, राज्यों के निर्वाचन क्षेत्रों से अधिकतम 815 सदस्य सीधे निर्वाचित होने हैं, जबकि केंद्र शासित प्रदेशों से अधिकतम 35 सदस्य ही संसद द्वारा निर्धारित तरीके से चुने जाएंगे। मोदी सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन और परिसीमन से संबंधित तीन विधेयकों को पेश किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' और 'परिसीमन विधेयक, 2026' पेश किए, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया।



## फीते का रंग तिरंगे की तरह देख उमर अब्दुल्ला ने काटने से किया इनकार

**-तिरंगा के प्रति सम्मान देख बीजेपी व लोग कर रहे सीएम उमर की तारीफ**

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर मे सीएम उमर अब्दुल्ला का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति दिखाया गया सम्मान पूरे देश को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश दे रहा है। श्रीनगर में घटी घटना ने यह साफ कर दिया है कि तिरंगा के प्रति सम्मान किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर होता है और यही भावना देश की एकता को मजबूत करती है।

बता दें बुधवार को जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला श्रीनगर के कश्मीर हाट में हस्तशिल्प विभाग के एक कार्यक्रम का उद्घाटन करने पहुंचे थे। यह कार्यक्रम अपने कारीगरों को जानो नाम से आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य स्थानीय कारीगरों और उनकी कला को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जब उद्घाटन के लिए उनके सामने फीता लाया गया, तो उन्होंने देखा कि उस फीते के रंग तिरंगे जैसे थे। यह देखते ही उन्होंने तुरंत उसे काटने से इनकार कर दिया और कहा कि इसे नहीं काटा जा सकता। सीएमए ने अपने डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी की ओर देखते हुए भी यही बात दोहराई, जिस पर सुरिंदर चौधरी ने भी सहमति जताई। इसके बाद दोनों नेताओं ने फीते को काटने की बजाय उसे सावधानीपूर्वक खोलने का सुझाव दिया। उन्होंने फीते को आयोजकों को वापस सौंपते हुए कहा कि इसे सम्मानपूर्वक रखा जाए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सामने आने के बाद उमर अब्दुल्ला की देश भर में जमकर तारीफ हो रही है। इस घटना पर बीजेपी ने भी उमर अब्दुल्ला के इस कदम की जमकर तारीफ की। जम्मू-कश्मीर बीजेपी प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि उद्घाटन के लिए राष्ट्रीय ध्वज जैसे रंगों वाले फीते का इस्तेमाल करना गंभीर लापरवाही और समझ की कमी को दर्शाता है। उन्होंने इस मामले की जांच की मांग करते हुए कहा कि जिन अधिकारियों ने इस प्रकार की व्यवस्था की, उनकी पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोहराई न जाएं। उधर, सोशल मीडिया पर भी उमर अब्दुल्ला की इस संवेदनशीलता की व्यापक सराहना हो रही है। लोग इसे एक सकारात्मक बदलाव के रूप में देख रहे हैं और मान रहे हैं कि यह घटना यह दर्शाती है कि राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान सभी के लिए सर्वोपरि होना चाहिए।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं पुतिन... दिसंबर तक पीएम मोदी जा सकते हैं मास्को

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और बदलते वैश्विक हालात के बीच भारत और रूस के संबंधों को लेकर महत्वपूर्ण कूटनीतिक गतिविधियां तेज हुई हैं। माना जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के इस वर्ष सितंबर में भारत आ सकते है। यदि यह दौरा होता है, तब यह नौ महीनों के भीतर उनका दूसरा भारत दौरा होगा। इससे पहले वे दिसंबर 2025 में वार्षिक भारत रूस शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आए थे।

बता दें कि भारत इस वर्ष ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता कर रहा है और इस कड़ी में सितंबर में शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भी शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा मई में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक भी भारत में आयोजित होगी, इसमें रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के भाग लेने की उम्मीद है। यह बैठक तब हो रही है जब पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है और भारत इस मुद्दे पर ब्रिक्स देशों के बीच एक साझा रुख बनाने की कोशिश कर रहा है।

दूसरी ओर, ऊर्जा क्षेत्र में भी हालात तेजी से बदल रहे हैं। अमेरिका ने साफ कर दिया है कि वह रूस और ईरान से तेल खरीदने के लिए दी गई छूट को आगे नहीं बढ़ाएगा। इससे भारत जैसे आयात पर निर्भर देशों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। पहले छूट के कारण भारतीय रिफाइनर सस्ते दाम पर रूसी तेल खरीद पा रहे थे, लेकिन अब आपूर्ति पर दबाव बढ़ सकता है। बताया गया है कि अस्थायी छूट के दौरान भारतीय कंपनियों ने लगभग तीन करोड़ बैरल रूसी तेल का ऑर्डर दिया था। वैसे भारत और रूस के संबंध केवल ऊर्जा या रक्षा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह एक व्यापक और बहुआयामी साझेदारी है। हाल ही में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में दोनों देशों के विशेषज्ञों और कूटनीतिज्ञों ने द्विपक्षीय संबंधों के नए एजेंडा पर चर्चा की थी। इस दौरान वैश्विक आर्थिक बदलाव, पश्चिम एशिया की स्थिति और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था जैसे मुद्दे प्रमुख रहे थे। दोनों देशों ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी मित्रता समानता, आपसी विश्वास और पारस्परिक सम्मान पर आधारित है। आर्थिक सहयोग के क्षेत्र में भी दोनों देशों ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2025 में द्विपक्षीय व्यापार करीब साठ अरब डॉलर तक पहुंच गया और लक्ष्य है कि 2030 तक सौ अरब डॉलर तक बढ़ाया जाए। इसके लिए परिवहन, प्रौद्योगिकी और निवेश के क्षेत्र में नए प्रयास किए जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा और उत्तरी समुद्री मार्ग जैसे प्रकल्प इस दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।



इसके अलावा दोनों देश संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन और जी बीस जैसे मंचों पर भी मिलकर काम कर रहे हैं। वैश्विक व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण और संतुलित बनाने के लिए भारत और रूस समान दृष्टिकोण साझा करते हैं। दोनों देश अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के पालन पर जोर देते हैं।


बता दें कि आने वाले समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूस दौरे की भी संभावना है, जिससे दोनों देशों के बीच उच्चस्तरीय संवाद और मजबूत होगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि पुतिन का संभावित भारत दौरा और मोदी की प्रस्तावित रूस यात्रा इस साझेदारी को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# झारखंड में एसआईआर शुरू करने की प्रक्रिया तेज, घर-घर जाएंगे बीएलओ लगाएं स्टीकर

**राज्य मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने विधानसभा क्षेत्रों में तैयारियों की समीक्षा दिए निर्देश**

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड में मतदाता सूची के एसआइआर शुरू होने से पहले प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अब तक इन तैयारियों की समीक्षा वर्चुअल बैठकों के जरिए से की जा रही थी, लेकिन भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद अब जिलों में जाकर भौतिक निरीक्षण शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना और संभावित कमियों को दूर करना है। राज्य के मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने जमशेदपुर का दौरा कर जमशेदपुर पूर्वी और जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्रों में तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सटीक और समावेशी होनी चाहिए। वे आगामी दिनों में अन्य जिलों का भी दौरा कर तैयारियों का जायजा लेंगे। एसआइआर की तिथि को लेकर फिलहाल आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, हालांकि निर्वाचन विभाग के अधिकारियों को अप्रैल के पहले या दूसरे



सप्ताह में इसकी घोषणा की उम्मीद थी। अब तक तिथि घोषित नहीं होने से प्रशासनिक स्तर पर थोड़ी अनिश्चितता बनी हुई है। अधिकारियों का मानना है कि भारत निर्वाचन आयोग कभी भी इसकी घोषणा कर सकता है। बंगाल और असम विधानसभा चुनाव के परिणाम चार मई को घोषित होने हैं। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि इन चुनावों के बाद मई माह में ही झारखंड में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

निर्वाचन आयोग इस बार विशेष रूप से इस बात पर ध्यान दे रहा है कि एक ही परिवार के सभी योग्य मतदाताओं के नाम एक ही मतदान केंद्र पर दर्ज हों। वर्तमान में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां एक ही परिवार के सदस्य अलग-अलग बूथों पर पंजीकृत हैं, जिससे मतदान के दौरान असुविधा होती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा बैठकों में इस विसंगति को दूर करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को कहा गया है कि वे ऐसे मामलों की पहचान कर आवश्यक सुधार करें, ताकि मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

रिपोर्ट के मुताबिक मतदाता सूची में कोई भी पात्र नागरिक छूट न जाए, इसके लिए बीएलओ को घर-घर जाकर सत्यापन का जिम्मा सौंपा है। इस दौरान बीएलओ द्वारा प्रत्येक घर पर अपनी जानकारी वाला स्टीकर भी चिपकाया जा रहा है, जिससे संबंधित बूथ की पहचान और संपर्क आसान हो सके। बीएलओ घरों का सर्वे करते हुए एक रजिस्टर में परिवार के सभी मतदाताओं और उनके मुखिया का विवरण दर्ज कर रहे हैं। जिन घरों के पास पहले से कोई आधिकारिक मकान संख्या नहीं है, उन्हें भी एक अस्थायी नंबर प्रदान किया जा रहा है ताकि डेटा का व्यवस्थित संकलन हो सके।

# संसद में प्रतिनिधित्व कम हुआ तो लोगों में फैलेगा असंतोष, विरोध में सड़कों पर उतरेंगे

**-तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष कविता ने परिसीमन को लेकर केंद्र को दी चेतावनी**



**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष कलवकुंतला कविता प्रस्तावित नई राजनीतिक पार्टी के लॉन्च से पहले धार्मिक आस्था के तहत वाराणसी के लिए रवाना हुईं। वह काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। रवाना होने से पहले हैदराबाद में मीडिया से बातचीत करते हुए कविता ने महिला आरक्षण बिल और प्रस्तावित परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में संसद में तेलंगाना का प्रतिनिधित्व करीब 3.13 फीसदी है और परिसीमन के बाद भी यही प्रतिशत राज्य के लिए आधार रेखा होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि यह हिस्सा कम किया जाता है तो राज्य के लोगों में असंतोष बढ़ेगा और वे विरोध के लिए सड़कों पर उतर सकते हैं। कविता ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 50 फीसदी सीट बढ़ोतरी के मॉडल पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पहली नजर में यह प्रस्ताव उचित लगता है लेकिन जब अन्य राज्यों के मुकाबले तेलंगाना को मिलने वाली हिस्सेदारी का आकलन किया जाता है, तो अंतर बड़ा नजर आता है। उन्होंने साफ कहा कि दक्षिण भारतीय राज्यों के साथ किसी भी प्रकार का असंतुलन स्वीकार्य नहीं होगा और निष्पक्ष प्रतिनिधित्व तय किया जाना चाहिए।

महिला आरक्षण बिल को परिसीमन से जोड़ने के मुद्दे पर भी उन्होंने कड़ा विरोध जताया। कविता ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार दोनों मुद्दों को आपस में जोड़ रही है, जबकि महिला आरक्षण को स्वतंत्र रूप से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इसे अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण से जोड़ा जाए ताकि महिलाओं के अंदर भी सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सके।

कविता ने महिला आरक्षण में पिछड़ा वर्ग आरक्षण महिलाओं के लिए उप-कोटा की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि 33 फीसदी आरक्षण के भीतर पिछड़ा वर्ग आरक्षण महिलाओं को उनका उचित हिस्सा मिलना बहुत जरूरी है। उनके मुताबिक, मौजूदा स्थिति में इन विधेयकों को लेकर भ्रम बना हुआ है लेकिन सरकार को स्पष्ट नीति बनाते हुए सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखना चाहिए।

# चीन की चाल ! भारत का नाम लेकर कहा अरुणाचल प्रदेश अवैध, वह हमारी जगह

**-जांगनान क्षेत्रों के नाम रखने का अधिकार हमारे पास, भारत ने दावे को किया खारिज**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-चीन में फिर तनाव बढ़ सकता हैं क्योंकि चीन के विदेश मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश को तथाकथित करार दिया है। साथ ही कहा कि इसे भारत ने अवैध रूप से स्थापित किया है। चीन का दावा है कि जांगनान क्षेत्र में कुछ स्थानों के नाम रखने का अधिकार हमारे पास है। खास बात है कि भारत ने चीन की तरफ से भारतीय क्षेत्र को काल्पनिक नाम रखने की कोशिशों को रविवार को खारिज कर दिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश पर दावे की बात कही। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि जांगनान चीचन का इलाका है और उसने भारत की तरफ से अवैध रूप से बनाए गए तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जांगनान के इलाकों के नामों को अपने हिसाब से बदलना उसका अधिकार है।

चीन की तरफ से अरुणाचल प्रदेश के कुछ क्षेत्रों के नए नाम प्रकाशित करने के बाद भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चीन की ओर से भारत के क्षेत्रों का काल्पनिक नाम देने के किसी भी प्रयास को भारत सिरे से खारिज करता है। साथ ही कहा था कि इस तरह की कोशिशें द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों को पटरी से उतार सकती हैं।

चीनी प्रवक्ता जियाकुन ने कहा कि वर्तमान में चीन-भारत संबंध स्थिर हैं। चीन-भारत संबंधों को बेहतर बनाने और विकसित करने के लिए चीन की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हम आशा करते हैं कि दोनों पक्ष एक ही दिशा में काम करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों के लिए ज्यादा अनुकूल कदम उठाएंगे। चीन 2017 से अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए अपने नाम प्रकाशित करता रहा है, जिस पर भारत लगातार आपत्ति जताता रहा है। जांगनान अरुणाचल प्रदेश का चीनी नाम है। चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा होने का दावा करता है।

चीन के शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र ने 26 मार्च को सेनलिंग काउंटी के गठन की घोषणा की, जो पीओके और अफगानिस्तान के पास स्थित एक रणनीतिक क्षेत्र है। यह वास्तविक नियंत्रण रेखा एलएसी के पश्चिमी क्षेत्र के भी पास है। काराकोरम पर्वत श्रृंखला के पास स्थित सेनलिंग, मुख्य रूप से मुस्लिम उइगुर बहुल क्षेत्र शिनजियांग में चीन



द्वारा स्थापित तीसरा नया काउंटी है। भारत ने पिछले साल हेआन और हेकांग काउंटी के गठन को लेकर चीन के सामने विरोध दर्ज कराते हुए कहा था कि उनके अधिकार क्षेत्र का कुछ हिस्सा उसके केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के अंतर्गत आता है।

# लाखों का घोटालेबाज निकला शंभूपुरा पंचायत का कार्मिक, किसी को कानों कान भनक तक नहीं लगी

स्मार्ट हलचल | ओम जैन




**शंभूपुरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत खुले में शौच मुक्त अभियान चलाया, इस अभियान की शुरुआत गांधी जयंती 2 अक्टूबर 2014 को हुई, देशव्यापी इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य 2 अक्टूबर 2019 तक भारत को खुले में शौच से मुक्त बनाना था, लेकिन चित्तौड़गढ़ जिले की ग्राम पंचायत शंभूपुरा के एक कार्मिक ने तो इसे अपना धंधा बना लिया और जमकर भ्रष्टाचार करते हुए लोगो को सुविधा देने के बजाय लाखों रुपये का सरकारी खजाने को चुना लगाते हुए अपनी जेबें भरना शुरू कर दिया।

गौरतलब है कि वर्ष 2016 से 2019 के बीच ओर विशेषकर वर्ष 2017-18 में शंभूपुरा पंचायत के कर्मचारी मुकेश टेलर द्वारा शौचालय के पेसो के नाम पर खुलकर भ्रष्टाचार किया है। एक सामाजिक कार्यकर्ता और कई ग्रामीणों ने बताया कि मुकेश टेलर शुरू से भ्रष्टाचार में डूबा होकर सरकारी खजाने को चुना लगाता आया है, इसके द्वारा शौचालय अभियान के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, पट्टा बनवाने सहित अन्य कही सरकारी योजनाओं में भी भ्रष्टाचार कर लाखो रुपये से अपनी जेब भरता आया है, संविदा पर लगे इस कर्मचारी को विद्यालय में लगाया गया था लेकिन यह हमेशा से ग्राम पंचायत में ही डेरा डाले रहा क्योकि असली मलाई इसे यहाँ नजर आती थी इसीलिए लाखो रुपये का इतना बड़ा भ्रष्टाचार किया लेकिन सबसे बड़ी बात तो यह कि क्या इतना बड़ा घोटाला होने के बावजूद किसी को कानो कान खबर तक नही लगी या फिर पूरा खेल मिलीभगत से हुआ यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने डिटेल्स मांगी, सचिव ने गुमराह कर, देने से इंकार किया

जानकारी में सामने आया कि कुछ वर्ष पहले ग्राम पंचायत की एक महिला सचिव से एक सामाजिक कार्यकर्ता ने सूचना के अधिकार के तहत इस मामले में सूचना चाही गई लेकिन उसे सचिव द्वारा गुमराह करते हुए सूचना देने से ही इंकार कर दिया, अब कुछ कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने मीडिया से रूबरू होकर भ्रष्टाचार के सबूत मीडिया के सामने रखे ताकि ऐसे भ्रटाचारी का पर्दाफाश हो सके।

### 12 हजार में 2 हजार सामने वाले को 10 अपनी जेब मे

इस अभियान में शौचालय निर्माण के लिए भारत सरकार द्वारा प्रति परिवार 12,000 की सहायता राशि प्रदान की जाती है, मुकेश टेलर ने इसमे भी सरकारी नियमो को ताख में रखकर खुलकर भ्रष्टाचार किया और सरकार से 12000 उठाकर 2000 उसके अपात्र लोगो के खाते में रखता बाकी 10 हजार निकलवाकर ले लेता था, ऐसे सेकड़ो लोगो के साथ मिलकर सरकार को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाने वाला यह कर्मचारी बिना डर बिना रोकटोक के घोटाले पर घोटाले करता रहा लेकिन फिर भी इसकी जांच या इसे रोकने वाला कोई नही मिला यह भी एक सोचनीय विषय है।

### फर्जीवाड़े की हद, फ़ोटो नाम, पता सब घर बैठकर एडिट

भ्रष्टाचार के इस समुद्र में डूबे मुकेश टेलर ने खुलकर लाखो रुपयों का भ्रष्टाचार किया है, उसने अपने पुत्र की मदद से फ़ोटो नाम पता सब एडिट किया, जिन खातों में पैसे गए हमारे पास उसकी डिटेल्स भी आई जिसमे कुछ अन्य पंचायतों से कुछ अन्य जिले से ओर यहाँ तक कि एमपी के सरासर अपात्र लोगो तक के खाते में शौचालय के 12000 डलवाए जिनको 2000 कमीशन देकर मुकेश बाकी के पैसे निकाल लेता था, यह सिलसिला लम्बा चला और लाखों रुपये का घोटाला हुआ है। अब देखना यह है कि क्या जिला प्रशासन इस मामले में जांच कर भ्रष्टाचारी से वसूली करेगा या यह मामला ऐसे ही कागजो के नीचे दब जाएगा यह तो समय के गर्त में है।

### इन्होंने ये कहा

इस तरह का भ्रष्टाचार होना बहुत बड़ा मामला है, ऐसा किसी ने किया तो बक्सा नही जाएगा, कमेटी गठित करवाकर जांच कर सख्त कार्यवाही करेंगे।

**बीनू देवल**
**उपखण्ड अधिकारी चित्तौड़गढ़।**

इस तरह का कोई मामला हुआ है तो बहुत गलत है, हालांकि इस सम्बंध में अभी तक कोई शिकायत तो नही आई थी लेकिन अब संज्ञान में आया तो जांच करवाई जाएगी ओर दोषी होने पर कार्यवाही व रिकवरी करेंगे।

**समुन्द्र सिंह**
**विकास अधिकारी, पंचायत समिति चित्तौड़गढ़**

---

बिजौलिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## डकैती मामले में 25 साल से फरार इनामी गिरफ्तार, कुल 4 आरोपी चढ़े हत्थे

स्मार्ट हलचल | बिजौलिया

भीलवाड़ा जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिजौलिया थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में पुलिस ने डकैती के मामले में 25 साल से फरार एक स्थाई वारंटी को मध्य प्रदेश के झाबुआ से गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही आर्म्स एक्ट और पॉक्सो एक्ट के मामलों में भी तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है।

पुलिस कार्रवाई के प्रमुख बिंदु:

25 साल से फरार डकैत गिरफ्तार: एडीजे कोर्ट भीलवाड़ा से वांछित और डकैती प्रकरण में 25 वर्षो से जगह बदल-बदल कर फरारी काट रहे स्थाई वारंटी नानिया (51) पुत्र उंकार भील को सउनि लक्ष्मण सिंह की टीम ने मध्य प्रदेश के झाबुआ (थाना कल्याणपुरा) से गिरफ्तार किया है।

आर्म्स एक्ट का वारंटी दबोचा: न्यायिक मजिस्ट्रेट बिजौलिया से आर्म्स एक्ट में फरार स्थाई वारंटी कन्हैयालाल (30) पुत्र छैला भील (निवासी कास्या) को सउनि नरेश कुमार की टीम ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

पॉक्सो एक्ट में दो सहयोगी गिरफ्तार: नाबालिग को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में मुख्य आरोपी के दो सहयोगियों सुनील (निवासी गणेशघाटी) और महेन्द्र (निवासी भीलपुरिया) को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया है। यह संपूर्ण कार्रवाई एएसपी पारस जैन और माण्डलगढ़ वृत्ताधिकारी बाबूलाल विश्नोई के सुपरविजन तथा थानाधिकारी स्वागत पाण्डया के नेतृत्व में की गई। इस विशेष पुलिस टीम में सउनि नरेश कुमार, सउनि लक्ष्मण सिंह, और कांस्टेबल हेमाराम, विश्राम, विनोद (बड़लियास), श्रवण कुमार (माण्डलगढ़) व मदनलाल (बीगोद) शामिल रहे।

---

## सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में अभिषेक मीणा ने पाई सफलता, क्षेत्र में खुशी की लहर

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा/चित्तौड़गढ़



प्रतिभा और मेहनत का संगम जब रंग लाता है, तो पूरे क्षेत्र का नाम रोशन होता है। ऐसा ही कर दिखाया है अभिषेक मीणा ने, जिन्होंने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने परिवार और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

154 अंक हासिल कर पाई सफलता

अभिषेक मीणा ने कुल 300 अंकों में से 154 अंक प्राप्त कर लिखित परीक्षा में क्वालिफाई किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे समाज में खुशी का माहौल है।

### सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के लिए चयन

अभिषेक का चयन सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) के लिए हुआ है, जो कि अनुशासन और गुणवत्ता शिक्षा के लिए जाना जाता है। यह सफलता उनके उज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

### परिवार और शिक्षकों का मिला सहयोग

अभिषेक के पिता प्रेमचंद मीणा और माता राधा देवी ने उनकी इस सफलता पर गर्व जताया। साथ ही शिक्षकों के मार्गदर्शन और मेहनत को इस उपलब्धि का श्रेय दिया गया।

श्री साई एकेडमी का योगदान

इस सफलता में श्री साई एकेडमी, चित्तौड़गढ़ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जहां से अभिषेक ने अपनी प्रारंभिक तैयारी की। संस्थान द्वारा भी सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी गई है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा है कि मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

---

## श्री बाणमाता शक्तिपीठ की वार्षिक आमसभा संपन्न, विकास कार्यों पर चर्चा



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** श्री बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान की वार्षिक आमसभा अमावस्या के पावन अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान मंदिर के विकास कार्यों को गति देने और वित्तीय प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में संस्थान के व्यव-स्थापक प्रमोद कुमार धाकड़ ने वर्ष भर का आय-व्यय का ब्यौरा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे उप-स्थत सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित कर दिया। बैठक के बाद सभी पदाधिकारियों ने शक्तिपीठ परिसर में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए और अधिक सुविधाजनक व भव्य बनाने के उद्देश्य से नवीन विकास कार्यों के प्रस्ताव भी लिए गए।

### दानपात्र से निकले 6 लाख 804 रुपये:

आमसभा के इस विशेष अवसर पर पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं की मौजूदगी में मंदिर का मुख्य दानपात्र भी खोला गया। दान राशि की गिनती करने पर कुल 6 लाख 804 रुपये की सहयोग राशि प्राप्त हुई। यह राशि मंदिर के आगामी विकास कार्यों में खर्च की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष अमरनाथ योगी, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल धाकड़, महामंत्री अमित कुमार जोशी, मोहन लाल धाकड़, सत्यनारायण सुथार, धर्मचंद जैन, शंभू सिंह, बालू सिंह, हजारी लाल खटीक, खाना धाकड़, प्रमोद कुमार धाकड़, घीसू सिंह, गणपत सिंह और प्रदीप कुमार पोरवाल सहित विकास संस्थान के सभी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

## पोटलां उपतहसील का निर्माणाधीन भवन चढ़ा अनियमितता, भ्रष्टाचार की भेंट





स्मार्ट हलचल | पोटलां

कस्बे के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के निकट नेशनल हाईवे 758 पर निर्माणाधीन उपतहसील कार्यालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है. सरकार को राजस्व देने वाला निर्माणाधीन भवन अनियमितता और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है, नींव सींव के शुरूआत दौर में ही जर्जर हो चुका है।

राजस्थान सरकार द्वारा उपतहसील की घोषणा करने के बाद से ही अधिकारियों कर्मचारियों की पोस्टिंग करते हुए पुरानी पुलिस चौकी भवन पर कार्यालय की वैकल्पिक व्यवस्था कर सरकार लोगों के कार्यों का निपटारा,निस्तारण कर रही है ,. आपको बता दें कि वित्तीय स्वीकृति राशि 1 करोड़ 60 लाख की लागत से बन रहे इस भवन को काम भारत कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है जिसमें घोर अनियमितता बरती जा रही है. गौरतलब है कि भवन बनने की कार्य अवधि पुर्ण दिनांक 16.8.2025 है परंतु अभी तक भवन नहीं बना है वहीं बिल्डिंग निर्माण में हो रहे खुले भ्रष्टाचार को लेकर पोल खुल गई है

नायब तहसीलदार जैसे प्रशासनिक अधिकारीयों के भवन ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाना आश्चर्यजनक हैं प्रशासनिक अधिकारीयों के अपने सपनों के आशियाना के सच होने का सपना हकीकत में बदलने आए हैं,वो खुद बीमार है.इस बिल्डिंग की स्थिति ऐसी है कि बनने के बाद कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. भवन निर्माण में बने पीलर में दरारें पड़ गई है कहीं कहीं से पीलर खोखले भी है जो साफ दिखाई पड़ते हैं.आपको बता दें कि लाखों रुपए की लागत से मॉनिटरिंग के साथ सरकारी भवनों का निर्माण किया जाता है लेकिन पोटलां के उपतहसील के निर्माणाधीन कार्यालय की हालत देखकर ऐसा लग रहा है कि भवन बिना जिम्मेदार लोगों की देखरेख में बन रहा है इधर कस्बे के ग्रामीणों का कहना है कि आज भी पोटलां में ऐसी कई इमारतें हैं जो 20 से 30 साल पुरानी है,इन इमारतों की मजबूती अपने आप में काम करवाने वाले की कहानी बताती है.लेकिन जिस तरह से उपतहसील का निर्माण हो रहा है।


उसे देखकर यही लग रहा है कि राजस्व विभाग की ये बिल्डिंग भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ी की जा रही है जो की भविष्य में एक बड़े हादसे का कारण बनेगी ग्रामीणों की मांग है कि इस तरह भ्रष्टाचार करने वाली ठेका कंपनियों को ब्लैकलिस्ट कर गुणवत्ता के मानकों पर खरा उतरने वाली कंपनियों द्वारा काम करवाना चाहिए जिससे इमारतें सुरक्षित खड़ी रहें एवं सरकारी को राजस्व नुकसान का खामियाजा भुगतना ना पड़े।

---

## कारोई में सवा दो लाख कि हाई मास्क लाईट सवा दो महीने भी नहीं चली

### शो-पीस बनी कारोई के पंहुना चौराया की हाई मास्क लाइट

स्मार्ट हलचल



**कारोई।** कस्बे में पहुना चोराह पर सांसद मद से स्वीकृत दस मीटर कि हाई मास्क लाईट दो लाख पन्द्रह हजार रूपए से स्वीकृत है, जिसमें दो लाख आठ हजार चौसठ रूपए व्यय राशि कि, ग्रामीणों ने बताया कि हाई मास्क लाईट दो माह भी नहीं चल पाई, हाई मास्क लाइट के ऊपर 6 एलईडी लगाए गए जिसमें चार फिवज हो चुके हैं दो ही चल रहे है ग्राम पंचायत द्वारा गांव के विकास के नाम पर राशि तो खर्च की जा रही है लेकिन गुणवत्ता विहीन कार्य के कारण विकास के नाम पर खर्च की जाने वाली राशि का कोई औचित्य नहीं निकल रहा है। ग्राम पंचायत कारोई द्वारा गांव के ऐसे ही विकास के नाम पर गांव के पहुना चौराया को रोशन करने के लिए लाखों रूपए की लागत से हाईमास्क एलईडी लाइट लगवाई गई थी, लेकिन यह लाईट अब मात्र शो-पीस बनकर रह गई है।

---

## 3 साल बाद भी सूखे नल: चंबल परियोजना बनी परेशानी का कारण

स्मार्ट हलचल

आसींद विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कालियास के मोतीबोर का खेड़ा में चंबल पेयजल परियोजना के तहत नल कनेक्शन होने के बावजूद पिछले 3 वर्षों से पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना के तहत घर-घर नल कनेक्शन तो कर दिए गए, लेकिन आज तक उनमें पानी नहीं पहुंचा। जलापूर्ति व्यवस्था शुरू नहीं होने से लोग मजबूरन अन्य स्त्रोतों पर निर्भर हैं।

ग्रामीण टीकम चंद जाट ने बताया कि 'करीब 3 साल पहले चंबल परियोजना के तहत हमारे गांव में कनेक्शन किए गए थे, लेकिन आज तक नलों में पानी नहीं आया। इससे रोजमर्रा के कामों में दिक्कत हो रही है और पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है। ' ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत करवाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। हालात यह हैं कि गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द जलापूर्ति शुरू करवाने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके।

---

## भीलवाड़ा नगर निगम चुनाव 2026: मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण शुरू, 27 अप्रैल तक दे सकेंगे दावे-आपत्तियां

### 19 और 26 अप्रैल को चलेगा विशेष अभियान, 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष आयु पूरी करने वाले जुड़वा सकेंगे नाम

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



नगरीय निकायों के आगामी आम चुनाव 2026 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके तहत नगर निगम भीलवाड़ा क्षेत्र के मतदाताओं के लिए मतदाता सूचियों का सघन पुनरीक्षण कार्य शुरू कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव की मतदाता सूचियों के डेटाबेस के आधार पर नगर निगम की वार्ड एवं भागवार फोटोयुक्त नई मतदाता सूची तैयार की जा रही है।

गौरतलब है कि गत 13 अप्रैल को ही नगर निगम भीलवाड़ा की वार्डों की भागवार मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित किया जा चुका है।

### 27 अप्रैल तक दर्ज कराएं दावे और आपत्तियां:

निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (एस.डी.ओ.) ने बताया कि मतदाता सूचियों के प्रारूप पर 27 अप्रैल तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इस निर्धारित अवधि के दौरान शहरवासी नगर निगम की वार्ड मतदाता सूचियों में अपना नाम जुड़वाने, नाम कटवाने या किसी भी प्रकार के संशोधन का कार्य करवा सकेंगे।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की मुख्य बातें:

विशेष अभियान: अधिकाधिक मतदाताओं को जोड़ने के लिए 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को बूथ स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा।

समय: इन दोनों दिन प्रातः 09.00 बजे से सायं 06.00 बजे तक बीएलओ अपने बूथ क्षेत्र में उपस्थित रहेंगे और नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन का कार्य करेंगे।

कौन जुड़वा सकता है नाम: नगर निगम भीलवाड़ा क्षेत्र में निवासरत कोई भी व्यक्ति, जिसकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वह व्यक्ति वार्ड मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित करवा सकेगा। प्रशासन ने सभी शहरवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान का लाभ उठाएं और समय रहते मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें या अपडेट करा लें।



# गाड़िया लोहार भूखंड मामलाः हाईकोर्ट की सख्ती, विवादित जमीनों की खरीद-फरोख्त पर रोक

## पूर्व महापौर का कोर्ट में कुबूलनामा- 'हां, परिवार के नाम पर खरीदे गए 6 प्लॉट'

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा के मेडिकल कॉलेज के सामने गाड़िया लोहार समुदाय को आवंटित भूखंडों की बंदरबांट और उन पर रसूखदारों के 'कब्जे' के मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने विवादित भूखंडों को लेकर यथा-स्थति बनाए रखने के निर्देश देते हुए किसी भी प्रकार के 'थर्ड पार्टी राइट्स' (तीसरे पक्ष के अधिकार) सृजित करने पर रोक लगा दी है। इस पूरे प्रकरण में सबसे चौंकाने वाला मोड़ तब आया, जब प्रतिवादी नगर निगम के पूर्व महापौर ने न्यायालय के समक्ष दिए गए जवाब में यह स्वीकार कर लिया कि 6 भूखंड उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर खरीदे गए हैं।

### 5 मई तक लगी रोक, अगली सुनवाई पर टिकी निगाहें

हाईकोर्ट जोधपुर में जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संदीप शाह की खंडपीठ ने राजेश सिंह सिसोदिया की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित किया। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश पंवार के आग्रह पर न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 5 मई 2026 को मुकर्रर की है। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि



इस बीच प्रश्नगत आवंटित भूखंडों में कोई और थर्ड-पार्टी अधिकार सृजित नहीं किए जाएंगे।

### याचिकाकर्ता का आरोपः 50 से अधिक प्लॉटों पर हुआ खेल

याचिकाकर्ता राजेश सिंह सिसोदिया ने न्यायालय के समक्ष यह आरोप लगाया था कि प्रतिवादियों ने अपने रसूख, प्रभाव और सत्ता का दुरुपयोग करते हुए गाड़िया लोहार समुदाय के 50 से अधिक भूखंड अवैध रूप से अपने और अपने रिश्तेदारों के नाम करवा लिए हैं। याचिका के साथ एनेक्सचर-11 के रूप में संपत्तियों की एक सूची भी संलग्न की गई थी।

### बचाव पक्ष की दलीलः आरोप भ्रामक, याचिकाकर्ता की नीयत पर उठाए सवाल

प्रतिवादी पूर्व महापौर राकेश पाठक की ओर से पेश किए गए जवाब में इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे भ्रामक बताया गया। हालांकि, इसी जवाब में पाठक ने एक बड़ा कुबूलनामा भी किया है। प्रतिवादी ने स्पष्ट किया है कि याचिकाकर्ता द्वारा दी गई सूची में से केवल 6 भूखंड ही ऐसे हैं जो महापौर या उनके परिजनों के नाम पर हैं। शेष संपत्तियों के मालिकों को उन्होंने पूरी तरह से अजनबी बताया है। बचाव पक्ष ने न्यायालय के ध्यान में यह भी लाया कि याचिकाकर्ता राजेश सिंह सिसोदिया स्वयं एक निर्वाचित पार्षद हैं और इस मामले में उनका निजी हित जुड़ा हुआ है। प्रतिवादी ने याचिका को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए न्यायालय से इस तथ्य का संज्ञान लेने की अपील की है।

### वंचितों की जमीन पर सत्ताधीशों की नजर से हड़कंप

गाड़िया लोहार जैसे घुमंतू और अत्यंत पिछड़े तबके के पुनर्वास के लिए आवंटित जमीनों का सत्ता से जुड़े लोगों और उनके परिजनों तक पहुंचना शहर में चर्चा का विषय बन गया है। हाईकोर्ट की ओर से खरीद-फरोख्त थर्ड पार्टी राइट्स पर लगाई गई रोक से भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया है। अब सभी की निगाहें 5 मई को होने वाली सुनवाई पर हैं। इससे यह तय होगा कि गरीबों के हक की जमीन के इस कथित खेल में आगे क्या कार्रवाई होती है।

# सांगोदः पालिका में लगा 'विकास का दरबार', 2047 तक सांगोद को सिंगापुर बनाने का प्लान



स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** 17 अप्रेल को सांगोद आज नगर पालिका में ऐसा सीन था कि लगे जैसे सांगोद कल ही मेट्रो सिटी बन जाएगा। दोपहर 2 बजे श्वह्न मनोज कुमार मालव ने सबको बुला लिया - नेता, व्यापारी, ठेले वाले, बुजुर्ग, एक्सपर्ट - सब हाजिर। मुद्दा? 'विकसित वार्ड' बनाना है, वो भी 2047 के विजन के साथ।

EO साब ने माइक पकड़ते ही बोला - 'बताओ भैया, 2030, 2035 और 2047 तक सांगोद कैसा दिखना चाहिए?' फिर क्या, जनता ने दिल खोलकर विश लिस्ट सुना दी।

डिमांड लिस्ट देखो जराः गैस एजेंसी चाहिए, रीको एरिया दो, रकसपुरिया रोड चौड़ी करो - वो भी रेवेन्यू रिकॉर्ड से नापकर। ऊपर से पांच-पांच सिंह द्वार चाहिए शहर में घुसने के लिए, बायपास अलग, नया बस स्टैंड अलग। मतलब एक ही बैठक में सांगोद को जयपुर बना दिया।

EO साब ने सब नोट किया और बोले - 'टेंशन मत लो, सब मास्टर प्लान में डालकर पोर्टल पर चढ़ा देंगे।' अब पोर्टल से कब जमीन पर उतरेगा, ये तो 2047 ही बताएगा।

मीटिंग में छ्व्श्च हर्ष यादव, राजस्व वाले देवकीनंदन गौड़ भी कुर्सी तोड़ते दिखे।

# एसडीएमसी की बैठक आयोजित हुई



स्मार्ट हलचल

**बरूदनी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरूदनी में आयोजित एसडीएमसी (स्कूल डेवलपमेंट मैनेजमेंट कमेटी) की बैठक में कई अहम और बड़े फैसले लिए गए। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाचार्य बाबूलाल बेरवा ने की।

बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह रहा कि विद्यालय के जर्जर कमरों को जमींदोज करने का पूर्व प्रस्ताव रद्द कर दिया गया। बोलीदाता नहीं मिलने के कारण अब इन कमरों को नहीं तोड़ा जाएगा, जिससे स्कूल परिसर में किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होगी।

इसके साथ ही विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए शौचालयों की मरम्मत कराने का अहम प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं जिन कक्षाओं में छोटे-मोटे मरम्मत कार्य आवश्यक हैं, उन्हें भी शीघ्र पूरा कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में गत वर्ष के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए इस सत्र में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित करने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर बरूदनी पंचायत के प्रशासक गजेंद्र साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर, शिवराज सिंह शक्तावत, शिव प्रकाश भट्ट, संजय सारस्वत एवं भंवर खटिक अध्यापक राजकुमार, राधेश्याम अहीर सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद।

# 'परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ' से गूंजा खेड़ा पालोला कोठियां

## नन्हे हाथों ने उठाया बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने का संकल्प

## 108 दाना-पानी पात्र लगाने का लक्ष्य, 500 का व्यापक अभियान

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** भारत विकास परिषद गुलाबपुरा के सहयोग से ग्राम खेड़ा पालोला कोठियां स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वैशाख माह की अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार को 'परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आगाज विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामकुमार चैधरी, विकास समिति अध्यक्ष रामप्रसाद चैधरी के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व वार्ड पंच कालूराम भील की उपस्थिति में हुआ।

इस अभियान के तहत 'हर घर परिंडा' का संदेश देते हुए 108 दाना-पानी के पात्र लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही सार्वजनिक स्थलों एवं छायादार पेड़ों पर लगाए गए परिंदों की देखभाल की जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई, जिससे उनमें जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव विकसित हो सके।

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और बेजुबान परिंदों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। बच्चों के उत्साह ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया और 'छोटे हाथ, बड़ा काम' की मिसाल पेश की।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के कब मास्टर यूनिट लीडर अखत्यार अली ने बताया कि



यह कार्यक्रम हर वर्ष पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। भीषण गर्मी में प्यास से तड़पते पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना मानवीय संवेदना का श्रेष्ठ उदाहरण है, जिसे बच्चे पूरे उत्साह के साथ निभा रहे हैं।

भारत विकास परिषद शाखा गुलाबपुरा के अध्यक्ष संपत व्यास ने बताया कि पूरे क्षेत्र में 500 दाना-पानी के पात्र लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान पूर्व प्रांतीय पदाधिकारी किशोर राजपाल, पूर्व उपाध्यक्ष रतन लाल लखारा, वरिष्ठ सदस्य नंदकिशोर काबरा, जयप्रकाश जायसवाल एवं मुक्तिधाम प्रकल्प प्रभारी सत्यनारायण अग्रवाल ने भी परिंडे लगाकर आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम प्रभारी सरोज चैधरी ने बताया कि इस पहल से विद्यार्थियों में जीव-जंतुओं के प्रति दया, संवेदनशीलता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। विद्यार्थियों को परिंडे वितरित कर उन्हें घर-घर एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

विद्यालय परिवार की यह अनूठी पहल न केवल बेजुबान पक्षियों के जीवन को बचाने में सहायक बन रही है, बल्कि समाज में संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक तैयार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। ग्रीष्मावकाश के दौरान भी विद्यार्थी मिट्टी के बर्तनों में पानी और दाना भरकर परिंदों की सेवा करेंगे, वहीं विद्यालय में वाटर कूलर के माध्यम से बरसात तक परिंदों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

# बरूदनी के राकेश कुमार सोनी के पुत्र राजित माहेश्वरी ने सीबीएसइ 10वीं में 91.80% अंक हासिल किए

स्मार्ट हलचल



**आकोला।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परिणाम में बरूदनी निवासी राकेश कुमार सोनी के पुत्र राजित माहेश्वरी ने 91.80% अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी हासिल की है।

राजित की इस उत्कृष्ट सफलता से परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी माता श्रीमती रेखा देवी सोनी ने भी बेटे की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विद्यालय परिवार ने भी उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर परिजनों और शिक्षकों ने संदेश दिया कि 'नवीन चुनौतियां, नवीन संघर्ष और नया आकाश तुम्हारे संकल्प का इंतजार कर रहा है, आगे बढ़ो और अपना स्थान हासिल करो। '

राजित की इस सफलता ने बरूदनी क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है। बरूंदनी प्रशासक गजेंद्र साहू मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहीर हरीऊजी वर्मा शंकर सोनी शैतान सिंह शक्तावत व गांव के गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी।

# अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम बोराणा में संपन्न

स्मार्ट हलचल

**रायपुर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) खंड रायपुर द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोराणा के सभागार में सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (चित्तौड़ प्रांत) के प्रांत कार्यवाह डॉ. शंकर लाल माली ने शिरकत की।

उपस्थित सैकड़ों शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ. माली ने कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर समरसता के सजग प्रहरी थे। उनके जीवन के हर प्रसंग और अंग-अंग में समरसता बसी हुई थी। अनेक कष्ट सहकर भी उन्होंने हमेशा सामाजिक समरसता पर जोर दिया और समाज को एक सूत्र में पिरोने



का कार्य किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र सुथार ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने उच्च शिक्षा और अनेक डिग्रियां प्राप्त कर अपने ज्ञान का उपयोग आम जनता का जीवन श्रेष्ठ बनाने में किया। इस दौरान सुथार ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का भी शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरोत्तम दाधीच ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी विवेकानंद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य परशराम सेठिया उपस्थित रहे। स्थानीय शाखा अध्यक्ष राधेश्याम जीनगर ने शिक्षकों की समस्याओं की ओर प्रदेश उपाध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराया तथा सभी अतिथियों व शिक्षक सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. प्रहलाद सिंह दायमा ने किया।

इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री तेज बहादुर सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र वैष्णव, स्थानीय विद्यालय के संस्था प्रधान सांवरिया लाल रेगर, तहसील महामंत्री विजेश कुमार सैनी, भंवरलाल कुमावत, केसुराम रेगर, दिनेश चंद्र शर्मा, घीसालाल कुमावत, किशन लाल खटीक, रामचंद्र सालवी, गोविंद सिंह चुंडावत, जगदीश चंद्र सुथार सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ।

# अमावस्या पर सजा 'श्री कृष्ण भोज', बच्चों के चेहरे खिले

## दाल-पूड़ी और लापसी का स्वाद, संग बैठा पूरा विद्यालय परिवार, भामाशाहों की पहल से बढ़ी सामुदायिक भागीदारी

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** कोठियां क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेड़ा पालोला में शुक्रवार को पीएम पोषण योजना के अंतर्गत अमावस्या के अवसर पर 'श्री कृष्ण भोज' का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर दाल-पूड़ी और स्वादिष्ट लापसी के व्यंजन से विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया और बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

विद्यालय के भामाशाह पुखराज शर्मा एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की सदस्या काली देवी शर्मा के सहयोग से आयोजित इस भोज में विद्यालय के समस्त बाल गोपाल ने मध्यान्ह भोजन के तहत पौष्टिक और स्वादिष्ट लापसी का आनंद लिया। भोजन के दौरान विद्यार्थियों के साथ समुदाय के सदस्य एवं विद्यालय स्टाफ भी एक साथ पंक्ति में बैठकर भोजन करते नजर आए, जिससे सामूहिकता और अपनत्व की भावना और मजबूत हुई।

कार्यक्रम प्रभारी सुनीता पारीक ने बताया कि पीएम पोषण योजना के तहत राज्य सरकार की



अभिनव पहल 'श्री कृष्ण भोग योजना' का उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना और मिड डे मील में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत समय-समय पर विशेष अवसरों पर पौष्टिक एवं विशेष भोजन की व्यव-स्था की जाती है।

उन्होंने बताया कि इस परंपरा में जन समुदाय, भामाशाह, प्रतिष्ठित नागरिक, तेजा मंडली एवं महिला मंडली सक्रिय रूप से भाग लेकर नन्हे-मुन्ने बच्चों को भोजन कराते हैं। तेजा मंडली की ओर से वर्षों से साल में दो बार खीर-पूरी का विशेष भोज आयोजित किया जाता रहा है, जिसमें जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की भी सहभागिता रहती है।

विद्यालय में आयोजित यह 'श्री कृष्ण भोज' न केवल बच्चों के लिए स्वाद का उत्सव बना, बल्कि सामुदायिक सहयोग और सामाजिक समरसता का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता नजर आया।

# महेश नवमी महोत्सव की तैयारियों हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

## अतुल राठी संयोजक, सुरेश बिरला, केजी राठी तथा अर्चित मून्दडा सह-संयोजक सर्वसम्मति मनोनित

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** श्री नगर माहेश्वरी सभा भीलवाडा के तत्वाधान में होने वाले महेश नवमी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर स्थानीय समाज के प्रबुद्धजनों एवं युवाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हरनी महादेव रोड स्थित रामेश्वरम भवन में आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्यों, महिला मंडल, युवा मंडल एवं विभिन्न समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आगामी महेश नवमी को भव्य और यादगार बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष केदार गगरानी द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथी के रूप में प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, पुर्व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कोठारी व राधेष्याम सोमानी, जगदीश कोगटा, रमेश राठी, राजेन्द्र कचोलिया उपस्थित



रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन के साथ हुई। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की बैठक में सर्वसम्मति से महोत्सव के सफल संचालन हेतु संयोजक एवं सह-संयोजक का मनोनयन किया गया। जिसमें अतुल राठी को संयोजक, सुरेश बिरला, केजी राठी तथा अर्चित मून्दडा को सह-संयोजक मनोनित किया गया। इसके पश्चात सभी सदस्यों ने एक स्वर में समाज की उन्नति और आयोजन की सफलता के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक में सबसे पहले पिछले वर्ष आयोजित महेश नवमी महोत्सव की समीक्षा की गई। इसमें आयोजन की सफलताओं और कमियों पर विस्तार से चर्चा की गई, ताकि इस वर्ष आयोजन को और बेहतर बनाया जा सके। मंत्री संजय जागेटिया ने बताया की बैठक में पार्षद राधेश्याम सोमानी, कृष्ण गोपाल जाखेटिया, राजेन्द्र बिरला, सुरेश कचोलिया, सुभाष बाहेती, दिनेश बांगडञ्ज् रामनिवास समदानी, राहुल डाड, सहित उपस्थित कई सदस्यों ने सुझाव दिया कि इस बार कार्यक्रम को अधिक व्यर्वा-स्थत, आकर्षक और व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। महोत्सव के आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन के एक कमेटी बनाई गई। वहीं युवा मंडल के सदस्यों ने भी आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने का आश्वासन दिया। समाज के वरिष्ठजनों ने अपने संबोधन में कहा कि महेश नवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का अवसर भी है। उन्होंने सभी से मिल-जुलकर कार्य करने और आपसी समन्वय बनाए रखने का आग्रह किया। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि तैयारियों की समीक्षा की जा सके और आवश्यक सुधार समय रहते किए जा सकें।

सभी सदस्यों ने एकजुट होकर इस महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ। बैठक में प्रहलाद राय लढ़ा, सत्येन्द्र बिरला, ओम प्रकाश गटयानी, रामकिशन सोनी सुशील मरोटिया, राजेन्द्र पोरवाल अभिजीत सारडा, प्रहलाद नुवाल, गोपाल नराणीवाल, प्रमोद डाड, विनय माहेश्वरी, राजेन्द्र तोषनीवाल, वीणा मोदी, विनिता तोषनीवाल, अंकित लाखोटिया सहित विभिन्न क्षेत्रिय सभा, महिला मंडल, युवा संगठन के अध्यक्ष मंत्री के साथ ही समाज के गणमान्य नगारिक मौजूद रहे।

# अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह रुकवाए गए

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर प्राप्त बाल विवाह की सूचना पर बीगोद थाना से संपर्क कर 1 बाल विवाह, बिजौलिया पुलिस थाना से 1 बाल विवाह एवं शंभुगढ़ थाना से 1 बाल विवाह रुकवाया गया एवं बिजौलिया पुलिस द्वारा बाल कल्याण समिति अध्यक चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव के समझ बालिका को प्रस्तुत कर आश्रय हेतु सखी सेंटर पर रखवाया गया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सुपरवाइजर राजेश कुमार, केस वर्कर सुमन साहू एवं शिवराज खटीक ने मौके पर पहुंच पटवारी से संपर्क कर बाल विवाह रुकवाए। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार ने बताया



कि राजस्थान सरकार द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाए जाकर बाल विवाह की रोकथाम हेतु समुदाय में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है एवं बाल विवाह की सूचना जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दी जा सकती है, जानकारी देने का नाम गोपनीय रखा जाता है।

# मांडलगढ़ नगर पालिका की घोर लापरवाही: महाराणा प्रताप पार्क में खुला 'मौत का कुआं'

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़

सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल के ठीक सामने स्थित और नगर पालिका द्वारा निर्मित 'महाराणा प्रताप पार्क' इन दिनों बच्चों के लिए मनोरंजन की जगह कम और हादसों का खुला आमंत्रण ज्यादा बन गया है। पार्क में मौजूद एक गहरा, बिना ढक्कन का पानी का टैंक प्रशासन की घोर अनदेखी और लापरवाही की गवाही दे रहा है, जो किसी भी वक्त किसी मासूम की जिंदगी निगल सकता है।

### खेल-कूद के बीच मौत का साया

तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि जहां शाम के समय छोटे-छोटे मासूम बच्चे ओपन जिम के उपकरणों पर खेल रहे हैं, वहीं चंद कदमों की दूरी पर एक बड़ा और गहरा पानी का टैंक पूरी तरह से खुला पड़ा है। टैंक गंदे पानी और कचरे से भरा हुआ है और इसके किनारे (मुंडेर) भी टूटे-फूटे हैं। खेलते समय बच्चों का ध्यान भटकना या पैर फिसलना एक स्वाभाविक बात है। ऐसे में यह खुला टैंक किसी भी दिन एक बड़े और दर्दनाक हादसे का कारण बन सकता है।

### क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है प्रशासन?

हैरानी की बात यह है कि सार्वजनिक



पार्क जैसी जगह, जहां रोजाना बड़ी संख्या में बच्चे और परिवार आते हैं, वहां सुरक्षा मानकों को इस तरह ताक पर रख दिया गया है। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भारी रोष है कि नगर पालिका ने पार्क का निर्माण तो करा दिया, लेकिन इसके सुरक्षित रखरखाव की जिम्मेदारी से पूरी तरह पल्ला झाड़ लिया है। खुले टैंक को कवर न करना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर रहा है।

### जिम्मेदारों पर उठते सवाल:

बच्चों के खेलने की जगह पर इतना गहरा टैंक खुला क्यों छोड़ा गया है?

क्या पार्क के रखरखाव की जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारियों ने कभी इसका निरीक्षण नहीं किया?

क्या नगर पालिका किसी मासूम के 'मृत्यु का ग्रास' बनने के बाद ही नींद से जागेगी?

स्थानीय निवासियों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि प्रशासन तुरंत इस मामले का संज्ञान ले और बिना किसी देरी के इस टैंक को ऊपर से स्थायी रूप से कवर किया जाए। इसके साथ ही, लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में बच्चों की जान के साथ ऐसा खिलवाड़ न हो सके।

# विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की सांगोद प्रखंड बैठक बपावर कलां में संपन्न, प्रशिक्षण वर्गों को लेकर बनी रणनीति



स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** 17 अप्रेल को बपावर कलां विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की सांगोद प्रखंड स्तरीय बैठक बपावर कलां, मोई कला में आयोजित की गई। बैठक में बजरंग दल कोटा विभाग संयोजक रवि स्वामी का सांगोद क्षेत्र में प्रवास रहा, जो आगामी प्रशिक्षण वर्गों को लेकर रहा।

बैठक के दौरान विभाग संयोजक रवि स्वामी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि बजरंग दल प्रशिक्षण वर्ग 16 मई से 23 मई तक आयोजित किया जाएगा। वहीं विश्व हिंदू परिषद का प्रशिक्षण वर्ग 28 मई से 7 जून तक आयोजित होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से इन वर्गों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

इस निमित्त सांगोद प्रखंड के कार्यकर्ताओं से संपर्क कर वर्ग में जाने वाले कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करने पर जोर दिया गया। बैठक में इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री कुंज बिहारी राठौर एवं सांगोद प्रखंड मंत्री रघुनंदन नामा ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उदयपुर में विश्व विरासत दिवस पर 'हेरिटेज' फोटोग्राफी वॉक सम्पन्न



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

विश्व विरासत दिवस के अवसर पर शहर की ऐतिहासिक धरोहरों और स्थापत्य सौंदर्य को कैमरे में कैद करने के उद्देश्य से 'हेरिटेज फोटोग्राफी वॉक 2026' का आकर्षक आयोजन किया गया। इस विशेष हेरिटेज वॉक का आयोजन सैंडीज़ ट्रैवल टेल्स एवं ताज लेक पैलेस, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

सुबह 5:30 बजे अंबराई घाट से शुरू हुई इस वॉक में प्रतिभागियों ने उदयपुर की विरासत गलियों, ऐतिहासिक इमारतों और छिपे हुए खूबसूरत स्थलों का भ्रमण किया। वॉक का समापन जगदीश चौक पर हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने डीएसएलआर और स्मार्टफोन के माध्यम से शहर की अनूठी झलकियों को अपने कैमरे में कैद किया।

इस आयोजन में ताज लेक पैलेस के मानव संसाधन अधिकारी यश राज एवं मानव संसाधन निदेशक सुश्री श्रुति कपूर की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के सफल संचालन में सैंडीज़ ट्रैवल टेल्स की टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।


हेरिटेज वॉक का मार्गदर्शन प्रसिद्ध ट्रैवल विशेषज्ञ चिन्मय दीक्षित (ट्रैवल विद चिन्मय) द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को उदयपुर के इतिहास, स्थापत्य और सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक करना और फोटोग्राफी के माध्यम से उसे संरक्षित करने के लिए प्रेरित करना रहा। 'परिप्रेक्ष्य 7 रचनात्मकता 7 समुदाय' थीम पर आधारित इस आयोजन में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विश्व विरासत दिवस को यादगार बनाया।

यह आयोजन केवल आमंत्रण आधारित रखा गया था, जिससे प्रतिभागियों को एक विशेष और सुव्यवस्थित अनुभव मिल सका।

# यूएन में बोला भारत- होर्मुज से जल्द बहाल हो वैश्विक व्यापार

स्मार्ट हलचल



**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में वीटो पहल के तहत 'मध्य पूर्व की स्थिति' पर हुई बहस में भारत ने होर्मुज स्ट्रेट में वाणिज्यिक जहाजों पर हो रहे हमलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने कमर्शियल जहाजों पर हुए हमलों को अस्वीकार्य करार दिया और साथ ही सुरक्षित और निर्बाध नौवहन को जल्द से जल्द बहाल करने का पुरजोर आग्रह भी किया।

यूएन में भारत के स्थायी मिशन ने भारतीय राजदूत हरीश के संबोधन से जुड़ा एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा 28 फरवरी 2026 को ईरान और खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष शुरू होने के बाद से, भारत ने गहरी चिंता व्यक्त की है और सभी देशों से संयम बरतने, तनाव न बढ़ाने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। हमने सभी देशों से बातचीत और कूटनीति को बढ़ावा देने, तनाव कम करने तथा मूल मुद्दों को गंभीरता से हल करने का आग्रह किया है। हमने सभी देशों की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने का भी आह्वान किया है।

भारतीय राजनयिक ने कहा भारत की ऊर्जा और आर्थिक सुरक्षा के लिए विशेष चिंता का एक पहलू होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली वाणिज्यिक जहाजरानी से संबंधित है। भारत ने इस बात पर खेद व्यक्त किया है कि इस संघर्ष के दौरान वाणिज्यिक जहाजों को सैन्य हमलों का निशाना बनाया गया। इस संघर्ष के दौरान जहाजों पर सवार भारतीय नाविकों की कीमती जानें चली गई हैं। हम दोहराते हैं कि वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना, निर्दोष नागरिक चालक दल के सदस्यों को खतरे में डालना, या होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन और व्यापार की स्वतंत्रता में किसी भी तरह की बाधा डालना अस्वीकार्य है। इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूरी तरह से सम्मान किया जाना चाहिए।

भारतीय राजदूत ने अपने संबोधन के अंत में जोर देते हुए कहा कि भारत जोरदार ढंग से आग्रह करता है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और अबाधित नौवहन तथा वैश्विक व्यापार की स्वतंत्रता को जल्द से जल्द बहाल किया जाए।

# कपिल मीणा बने भारत सरकार में मैनेजिंग डायरेक्टर (हॉर्टिकल्चर)

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** कपिल मीणा को भारत सरकार में मैनेजिंग डायरेक्टर (हॉर्टिकल्चर) के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। कपिल मीणा की माता कमला मीणा पूर्व जिला प्रमुख रह चुकी हैं और आदिवासी जय मिनेश यूनिवर्सिटी की सदस्य भी हैं। उनके पिता डॉ. पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। परिवारजनों ने बताया कि कपिल शुरू से ही मेधावी और मेहनती रहे हैं। उनकी इस सफलता पर माता-पिता ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की उपलब्धियां ही उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होती हैं।

परिजनों व शुभचिंतकों ने कपिल मीणा को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# धीरजी का खेड़ा में सेना के जवान की अंतिम यात्रा में शामिल हो विधायक आक्या ने नम आंखों से दी विदाई

स्मार्ट हलचल | ओम जैन



**शंभूपुरा।** पंचायत समिति भदेसर के ग्राम धीरजी का खेड़ा निवासी भारतीय सेना के जवान पहलवान गुर्जर का शुक्रवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

इससे पूर्व भारतीय सेना की 24 राजपूत रेजिमेंट में तैनात पहलवान गुर्जर की पार्थिव देह शुक्रवार को सेना के वाहन में उनके पैतृक गांव धीरजी का खेड़ा पहुंचने पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति की आंखो में आंसु थे। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने नम आंखों से उनकी पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजली दी। दिवंगत पहलवान गुर्जर की तिरंगे में लिपटी पार्थिव देह के समक्ष सेना के जवानों द्वारा बंदूके उल्टी कर शोक प्रकट किया गया और बंदूकों की सलामी दी गई। बाद में सेना के वाहन में अंतिम यात्रा निकाली गई। इस दौरान जब तक सुरज चांद रहेगा पहलवान तेरा नाम रहेगा तथा भारत माता की जय के नारों से माहौल गुंजायमान हो गया। अंत्येष्टि से पहले तिरंगे को पुरे सम्मान के साथ उतारकर परिवार को सौंपा गया। तत्पश्चात पार्थिव देह को पंचतत्व में विलीन किया गया।

बाद में विधायक आक्या ने परिवार के सदस्यों से मिलकर उन्हें सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए कहा की भारतीय सेना में रहकर देश सेवा के लिए उनके द्वारा किये गये कार्यों को कभी भुलाया नही जा सकता है। हम सभी को उनकी बहादूरी पर गर्व है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रतन गाडरी, उपखण्ड अधिकारी रजनी मीणा, पुलिस उपाधीक्षक विनोद लखेरा, वृताधीकारी विनोद मेनारिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक रायका, भदेसर मण्डल अध्यक्ष हीरालाल रायका, पूर्व मण्डल अध्यक्ष पवन आचार्य, सुरेश जैन, तेजपाल रेगर, राजेन्द्र सिंह, रमेश बोरीवाल, प्रभु गुर्जर, नारायण गुर्जर, भोपालसिंह, ललीत खटीक, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# लाडपुरा में एचपीवी वैक्सीनेशन का शुभारंभ

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** पीएससी लाडपुरा में एचपीवी वैक्सीनेशन का शुभारंभ किया गया। जिसमें 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाया गया यह टीका सर्वाइकल कैंसर जैसे बीमारियों से रोकथाम के लिए लगाया जाता है। जिसका शुभारंभ सत्यनारायण जी जोशी द्वारा किया गया प्रथम टीका डॉ राहुल चौधरी के द्वारा लगाया गया।

# माध्यमिक शिक्षा निदेशक से वाइस प्रिंसिपल और प्रिंसिपल की रिव्यू डीपीसी की मांग



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

राजस्थान प्राध्यापक सेवा संघ उदयपुर द्वारा मोहनलाल सुखाड़िया रंगमंच नगर निगम उदयपुर में एक कार्यक्रम में शरीक होने पहुंचे माध्यमिक शिक्षा निदेशक श्री सीताराम जाट से भेंट कर वाइस प्रिंसिपल और प्रिसिपल की अविलंब रिव्यू डीपीसी की मांग की गई।


संगठन अध्यक्ष गिरीश चौबीसा के अनुसार विगत कुछ समय में वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पद पर रिव्यू डीपीसी होने कई व्याख्याताओं का चयन वर्ष परिवर्तित हुआ जिसकी वजह से उनकी वरिष्ठता में भी परिवर्तन हुआ है। इस स्थिति में वरिष्ठ होने के बावजूद उन्हें आगामी वर्षों की वीपी एवं प्रिंसिपल डीपीसी का लाभ नहीं मिला है जबकि कई व्याख्याता कनिष्ठ होकर भी प्रिंसिपल पद की पदोन्नति प्राप्त कर चुके हैं।

ऐसे समस्त एवं डीपीसी से वंचित व्याख्याताओं के लिए वाइस प्रिंसिपल एवं प्रिंसिपल पदों पर रिव्यू डीपीसी अविलंब आयोजित करवाई जाने की मांग की गई ताकि उन्हें अपनी वरिष्ठता का समुचित लाभ मिल सके। इस अवसर पर संगठन के प्रतिनिधि त्रिभुवन चौबीसा, ऋषिकेष गामोट तथा राजेंद्र नायक भी उपस्थित रहे।

# बाल विवाह मुक्त उदयपुर अभियान का हुआ आगाज

### बाल विवाह की सूचना देने पर मिलेगा 1100 नकद पुरस्कार, पहचान रहेगी गोपनीय

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



आगामी 19 अप्रैल एवं 1 मई को अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा पर अबूझ सावों पर बाल विवाह होने की अधिक संभावना के मद्देनजर जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग, गायत्री सेवा संस्थान तथा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलाइंस नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान एक महीने का बाल विवाह मुक्त उदयपुर अभियान प्रारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत शुक्रवार को राजकीय किशोर गृह के सभागार में बाल अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित बैठक में अभियान से संबंधित पोस्टर विमोचन के साथ हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर के सचिव कुलदीप शर्मा ने कहा कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है एवं इसकी रोकथाम हेतु कड़े कदम उठाते हुए सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी एवं यह तभी संभव होगा जब सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियां को तत्परता के साथ निभाएंगे।

बैठक में उपनिदेशक बाल अधिकारिता विभाग के. के. चंद्रवंशी ने बताया कि प्रशासन इस अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण रूप से प्रयासरत रहते हुए हमेशा अलर्ट मोड में कार्य कर रहा है। बैठक में विवाह में भागीदार विभिन्न स्टैक होल्डर हलवाई, बैंड, फोटोग्राफर आदि को बुला कर उन्हें बाल विवाह कानून से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर गायत्री सेवा संस्थान के समन्वयक नितिन पालीवाल ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत संस्थान द्वारा एक हेल्प लाइन की शुरूआत की गई जिसका न. 8 239999288 हैं जिसके माध्यम से आप बाल विवाह की सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी एवं सूचना का सत्यापन होने पर 1100 रूपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

अंत में चाइल्ड हेल्प लाइन के जिला समन्वयक नवनीत औदिच्य ने बताया कि विभाग द्वारा टीम गठित कर सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा हैं एवं विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर भी शिकायत कर सकते हैं। बैठक में जिला बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, चिकित्सा विभाग, मानव तस्करी विरोधी यूनिट गायत्री सेवा संस्थान एवं बच्चों के लिए कार्य कर रही सभी स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ के चुनाव सम्पन्न



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ जिला शाखा उदयपुर के चुनाव पंचायत समिति गिर्वा में सम्पन्न हुऐ। जिला उपाध्यक्ष हितेश चन्द्र जोशी ने बताया कि चुनाव अधिकारी गजराज मेनारिया एवं पर्यवेक्षक मुकेश मोड़ पटेल की निगरानी में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुयी। इसमें अर्जुन सिंह आसोलिया को निर्विरोध जिला मंत्री चुना गया।

# दिखावटी शादियों पर अंकुश लगाने का आह्वान

## जाट सामूहिक विवाह को लेकर सिंगोली में बैठक संपन्न

स्मार्ट हलचल | बनेड़ा



राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा, भीलवाड़ा के तत्वाधान में आगामी 20 नवंबर 2026 को प्रस्तावित चतुर्थ जाट सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को सिंगोली में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक सिंगोली जाट धर्मशाला निर्माण कमेटी के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त अध्यापक प्रभु लाल गुलरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेशाध्यक्ष शंकर लाल कुड़ी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष देवबक्ष ढाबरढीमा, चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष रतनलाल डूँडा, संरक्षक नारू लाल सेपट एवं उपाध्यक्ष लक्ष्मण लाल गोटिया ने शिरकत की।

बैठक में सर्वसम्मति से यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन उसी क्षेत्र में किया जाएगा, जहाँ से सर्वाधिक जोड़ों का पंजीयन होगा। इस दौरान देवीलाल गुलरिया को सर्वसम्मति से मांडलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

शाहपुरा ब्लॉक अध्यक्ष रामधन थरोदा ने समाज में बढ़ती दिखावटी शादियों और फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने की अपील करते हुए सामूहिक विवाह पद्धति को अपनाने पर जोर दिया। महासभा के महामंत्री शोभाराम तोगडा ने संचालन करते हुए प्रेरक विचार रखे। उन्होंने कहा, ''दिखावे की होड़ में हम बहुत 'बड़े' बन चुके हैं, लेकिन यदि वास्तव में समाज का भला करना है, तो अब हमें सादगी अपनाकर 'छोटा' बनने का प्रयास करना चाहिए।'' इसी क्रम में समाज ने एक ऐतिहासिक संकल्प लेते हुए निर्णय लिया कि शादी से पहले अधिकतम 5 लाख रुपये तक के जेवरात ही पहनाए जाएंगे।

धर्मशाला सचिव बद्री लाल भादू ने बैठक में पूर्व का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया और समाजजनों से सहयोग की अपील की। बैठक के दौरान ही दो जोड़ों चंचल (पुत्री संपत रुवाला) - रूपालिया, हमीरगढ़ एवं विष्णु (पुत्र श्यामलाल डेला) - रूपालिया, हमीरगढ़ का पंजीयन हुआ।

बैठक में भवानीराम नागा, सांवरलाल गोदारा, सुरेश मांड्या, मोहनलाल नागा, शंकर जाजूदा, मांगीलाल गोटिया और लहरु लाल सहित कई गणमान्य समाजजन उपस्थित रहे। महासभा ने घोषणा की कि आगामी बैठक जाट धर्मशाला, कोटड़ी में आयोजित की जाएगी।

# कोटड़ी चारभुजानाथ के भक्तों का उमड़ा सैलाब, भेंट पात्र में निकले 43 लाख व आभूषण तो भक्तो ने लगाए जयकारे

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** मेंवाड़ अंचल की आस्था का धाम मुख्यालय स्थित भगवान श्रीचारभुजानाथ के दरबार में शुक्रवार को अमावस्या के कारण श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। अमावस्या पर पंहुचने वाले भक्त तपती धरती पर नंगे पांव पेदल चल कर आस्था के धाम पहुचने वाले भक्तों की प्रभु के प्रति अटूट आस्था के चलते दोपहरी में नगे पाव ही भगवान के दर पर पहुच कर मत्था टेक अपनी मन्नत पूरी करते रहे। जबरदस्त गर्मी के बावजूद मन्दिर परिसर में भक्तों की लंबी कतार में खड़े रह कर अपनी बारी का इन्तजार करने के बाद प्रभू के दर्शन कर अपने को धन्य महसूस किया। इस अवसर पर सुबह भगवान का पण्डितों के मन्त्रोच्चारण के साथ दूध व पंचामृत से अभिषेक किया गया। वहीं स्वर्णजड़ित आभूषणों की पोषाक धारण करा महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। अमावस्या का विशेष महत्व होने के कारण दिनभर भक्तों की रेलमपेल रही। भक्त हाथों में धान की थेली, प्रसाद व अगरबत्ती लेकर पंहुच रहे थे। छोटे से लेकर बुजुर्ग महिला-पुरूष प्रभू के दर्शन करने को आतूर नजर आए। भीड़ को लेकर पुलिस प्रशासन, मन्दिर ट्रस्ट व श्रद्धालु भक्तों को दर्शन कराने के लिए विशेष व्यवस्था में जुटे रहे। साथ ही श्रीचारभुजा मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुन्दर चेचाणी व ट्रस्ट के पदाधिकारियों की मौजूदगी में मन्दिर परिसर में रखे भेंट पात्रों को भक्तों की उपस्थिति में खोला गया तो भक्तों ने राशि के ढ़ेर को देख कर श्रीचारभुजानाथ के जयकारों से मन्दिर परिसर को गूंजा दिया। जिसे सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सहयोग से गिनती की गई। अध्यक्ष गाड़ोदिया ने बताया कि भेंट पात्र व रसीदों सहित 42 लाख 86 हजार 536 रूपये भक्तों के द्वारा प्राप्त हुए। साथ ही 300 मिलीग्राम सोना व 3 किलो 757 ग्राम चान्दी के आभूषण भी भक्तों के द्वारा प्रभू के श्रीचरणों में चढ़ाए गए। जिन्हें ट्रस्ट के बही खातों में इन्द्राज किया गया।

पहली बार दो दिन चलेगा सामूहिक विवाह, 30 अप्रैल-1 मई को आयोजन होंगे मांगलिक कार्य

# आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं का होगा निःशुल्क विवाह, घर जैसा मिलेगा अनुभव–लोकेश शर्मा

## जरूरतमंद बेटियों के लिए बड़ा संबल, 30 अप्रैल से दो दिवसीय विवाह महोत्सव

स्मार्ट हलचल| कोटा

सामाजिक सरोकारों की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए आध्या सेवार्थ फाउण्डेशन के तत्वावधान में प्रथम सनाढ्य आदिगौड़ सामूहिक निःशुल्क कन्या विवाह महोत्सव का आयोजन 30 अप्रैल एवं 1 मई को किया जाएगा। विशेष बात यह है कि यह आयोजन पहली बार दो दिवसीय स्वरूप में आयोजित होगा, जिसमें विवाह की सभी रस्में पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न की जाएंगी।



मुख्य संयोजक लोकेश शर्मा ने बताया कि महोत्सव में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं का विवाह पूर्णतः निःशुल्क कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह से जहां अनावश्यक खर्चों में कमी आती है, वहीं सामाजिक समरसता को भी मजबूती मिलती है। इस आयोजन की खासियत यह रहेगी कि दो दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में गणेश पूजन से लेकर विदाई तक सभी मांगलिक कार्य घर के विवाह जैसे वातावरण में आयोजित होंगे, जिससे प्रत्येक जोड़े को अपने घर जैसा अनुभव प्राप्त होगा। उन्होने बताया कि विवाह सम्मेलन में 11 जोडो का विवाह सम्पन्न होगा जिसमें से 9 जोडो का रजिस्ट्रेशन सम्पन्न किया जा चुका है।

सोसायटी की अध्यक्ष शालू शर्मा ने बताया कि आयोजन में सभी वैवाहिक कार्यक्रम पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप संपन्न होंगे। फाउंडेशन की ओर से वधू को सोने की लोंग, चांदी की पाजेब व बिछिया, चांदी की अंगूठी, टोप्स सहित आभूषण प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त नवदंपतियों को अलमारी, पंखा, टीवी, ड्रेसिंग टेबल, गद्दा, तकिया, बेडशीट, सूटकेस, दीवार घड़ी, सेंटर टेबल, कुर्सी, डिनर सेट, गैस चूल्हा एवं संपूर्ण किचन सामग्री सहित गृहस्थी का पूरा सामान दिया जाएगा। दूल्हे का कोट-पैंट तथा दुल्हन का बेस व चूड़ा भी समिति द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

कोषाध्यक्ष प्रियांशु शर्मा के अनुसार, 30 अप्रैल को प्रातः 8 बजे गणेश पूजन, 11 बजे हल्दी-मेहंदी एवं सायं 5 बजे संगीत कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं 1 मई को प्रातः 8 बजे निकासी, 10 बजे तोरण, 11 बजे आशीर्वाद समारोह, दोपहर 1 बजे पाणिग्रहण संस्कार तथा 3 बजे विदाई समारोह संपन्न होगा।

मीडिया प्रभारी के.के. शर्मा 'कमल' ने बताया कि आयोजन को लेकर कार्ड विमोचन किया जा चुका है। इस अवसर पर ओमप्रकाश टंकारिया,रामस्वरूप शर्मा, प्रेम शास्त्री,मनीष तिवारी, भीष्म कुमार शर्मा, गजेन्द्र जोशी, प्रमोद शर्मा, महावीर पंचोली विजय, भारद्वाज रघुवर दयाल शर्मा जितेंद्र शर्मा ,सतीश शर्मा, गजेंद्र जोशी,प्रियांशु शर्मा, महावीर पंचोली सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## लाखेरी पुलिस ने चलाया जांच अभियान, बनाए चालान



स्मार्ट हलचल|लाखेरी

कस्बे में शुक्रवार को पुलिस थाना लाखेरी थानाधिकारी सुभाषचंद्र शर्मा के निर्देशन में जांच अभियान चलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटा दौसा मेगा हाइवे पुलिस थाने के बाहर वाहनों की जांच की गई। जिसमें पुलिस द्वारा बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, शराब पीकर वाहन चलाने आदि वाहनों पर कार्यवाही कर 10 चालान बनाए और 3800 रूपए का जुर्माना वसूला गया।

पुलिस द्वारा वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर, सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के लिए समझाया।

## लायंस गार्डन से आयुक्त निवास तक 'नो पार्किंग' जोन घोषित, वाहन खड़ा किया तो होगी जब्ती

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर परिषद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर परिषद कार्यालय के सामने स्थित लायंस गार्डन से लेकर आयुक्त निवास तक के मार्ग को अब 'नो पार्किंग' क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में परिषद द्वारा सार्वजनिक सूचना जारी कर आमजन को आगाह किया गया है।

**जाम से मिलेगी मुक्ति, नियमों का उल्लंघन पड़ेगा भारी**

अक्सर देखा जाता है कि इस महत्वपूर्ण मार्ग पर लोग अपने दुपहिया और चार पहिया वाहन बेतरतीब तरीके से खड़े कर देते हैं, जिससे आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और यातायात बाधित होता है। इसी समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने अब सख्त कार्रवाई का मन बना लिया है।

नगर परिषद द्वारा जारी आदेश के अनुसारःनिर्धारित क्षेत्र में वाहन खड़ा पाए जाने पर उसे तुरंत जब्त कर लिया जाएगा। वाहन स्वामी पर नगरपालिका अधिनियम 2009 और यातायात नियमों के तहत भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

कार्रवाई के दौरान होने वाली किसी भी असुविधा या नुकसान की जिम्मेदारी स्वयं वाहन मालिक की होगी। प्रशासन की अपीलः शहर को व्यवस्थित बनाने में सहयोग करें और अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें।

## कोटा को मिला पहला निजी औद्योगिक पार्क, 18 अप्रैल को होगा अरबना टेक्नोपार्क' का भव्य शुभारंभ

**आरआईपीएस के तहत मिलेंगे सरकारी लाभ; 500 से 20,000 वर्गमीटर तक के भूखंड उपलब्ध**

स्मार्ट हलचल| कोटा

औद्योगिक विकास को नई दिशा देते हुए कोटा शहर को उसका पहला निजी औद्योगिक पार्क मिलने जा रहा है। उरबाना टेक्नोपार्क का भव्य शुभारंभ 18 अप्रैल 2026 को किया जाएगा।

यह परियोजना एनएच-52 पर मंडाना टोल प्लाजा के समीप, कोटा-झालावाड़ हाईवे पर स्थित है, जो शहर से लगभग 22 किलोमीटर दूरी पर है और रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान पर विकसित की गई है।

कंपनी के निदेशक अनिल मूंदड़ा ने बताया कि कोटा एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से उद्योगों के लिए तैयार भूमि की कमी रही है।



अरबना टेक्नोपार्क इस कमी को दूर करते हुए क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा तथा निवेशकों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित होगा।

परियोजना के सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर के रूप में भारत लैंडमार्क रियल्टी एलएलपी कार्य कर रही है, जिसके संचालन एवं निष्पादन का कार्य कुणाल गुप्ता एवं सहज पोद्दार के निर्देशन में किया जा रहा है। यह टीम परियोजना को एक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणाम-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ा रही है। प्रथम चरण में लगभग 2,29,000 वर्गमीटर क्षेत्र उपलब्ध कराया गया है, जिसमें 500 से 20,000 वर्गमीटर तक के औद्योगिक एवं वाणिज्यिक भूखंड शामिल हैं, जो विभिन्न प्रकार के उद्योगों के लिए उपयुक्त हैं। कुल 187 एकड़ में फैला हुआ है।

यह परियोजना रेरा पंजीकृत है तथा लेआउट प्लान कोटा कलेक्टर द्वारा अनुमोदित है। साथ ही, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत निवेशकों को आकर्षक सरकारी लाभ प्राप्त होंगे।

## भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस के 7 फेरे मई माह में निरस्त रहेंगे

स्मार्ट हलचल|कोटा

उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल अंतर्गत कनकपुरा स्टेशन पर यार्ड में मई माह में नान-इंटरलॉकिंग कार्य किए जाने के कारण कोटा मंडल से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 14813/14814 जोधपुर-भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस के कुल 07 फेरे निरस्त रहेंगे।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि यह नान-इंटरलॉकिंग कार्य भविष्य में बेहतर संरक्षा, गति एवं परिचालन सुविधा सुनिश्चित करने हेतु किया जा रहा है। निरस्तीकरण का विवरण निम्नानुसार है –गाड़ी संख्या 148 14 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से दिनांक 03, 04, 05, 08, 12, 13 एवं 14 मई 2026 को निरस्त रहेगी।

गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से दिनांक 02, 03, 04, 07, 11, 12 एवं 13 मई 2026 को निरस्त रहेगी।

यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व अपनी गाड़ी की स्थिति की जानकारी राष्ट्रीय रेल पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा एनटीईएस ऐप के माध्यम से अवश्य प्राप्त करें।

## हेरोइन और मादक गोलियों के साथ कई व्यक्तियों को गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**फागवारा।** कपूरथला के माननीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव तुरा आईपीएस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, फागवारा उपमंडल की पुलिस अधीक्षक माधवी शर्मा पीपीएस के निर्देशानुसार, कपूरथला पुलिस टीम ने सिटी पुलिस स्टेशन, सतनामपुरा और रावलपिंडी पुलिस स्टेशन के मुख्य अधिकारी की टीमों के साथ मिलकर 9 अप्रैल 2026 से 16 अप्रैल 2026 तक मादक पदार्थों से प्रभावित क्षेत्रों में समय-समय पर तलाशी अभियान चलाए और विभिन्न मादक पदार्थों के डीलरों और नशाखोरों को गिरफ्तार किया। फागवारा उपमंडल की पुलिस अधीक्षक माधवी शर्मा पीपीएस ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, 9 अप्रैल 2026 से 16 अप्रैल 2026 तक फागवारा उपमंडल के विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाए गए और मादक पदार्थों और मादक पदार्थों के कब्जे के आरोप में 8 अलग-अलग व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 8 मामले दर्ज किए गए। उनके पास से 47 ग्राम हेरोइन और 70 नशीली गोलियां जब्त की गईं और विभिन्न पुलिस थानों में 8 मामले दर्ज किए गए। गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया गया। इससे पहले भी कपूरथला पुलिस की फागवारा टीम समय-समय पर तलाशी अभियान चलाकर नशा करने वालों और बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करती रही है और यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा।

## ट्रेनिंग के बाद महाविद्यालय पहुचे लेफ्टिनेंट गोविंद शर्मा का स्वागत



स्मार्ट हलचल

**वैर।** श्री रांगेय राघव महाविद्यालय के परिसर में गर्व और उत्साह का माहौल छा गया, जब ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी, कामटी से अपना कठिन सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद महाविद्यालय के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट गोविंद शर्मा अपने महाविद्यालय पहुंचे। इस विशेष अवसर पर उनकी उपलब्धि को सम्मानित करने के लिए कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल चित्रा सुभाष मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कमांडिंग ऑफिसर चित्रा सुभाष ने लेफ्टिनेंट गोविंद शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी की कड़ी मेहनत व समर्पण की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लेफ्टिनेंट गोविंद शर्मा की यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे संस्थान के लिए गौरव का विषय है और यह अन्य छात्रों को भी राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित करेगी। इन्होंने ट्रेनिंग के दौरान अपनी आउट स्टैंडिंग परफॉर्मेंस और चीफ क्रिएटर ऑफ सोशल मीडिया के लिए कमांडेंट मेजर जनरल उपकार चंद्र के द्वारा मेडल से सम्मानित किया गया. महाविद्यालय के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट गोविंद शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि ओटीए कामटी की ट्रेनिंग ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और जोश भरे नारों के साथ हुआ।

## मॉडल स्कूल करौली में खाद्य सुरक्षा की दी गई जानकारी



स्मार्ट हलचल|करौली

राज्य में चलाई जा रहे राज्य सरकार के अभियान 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार 'के तहत ईट राईट स्कूल अभियान के तहत आज स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में खाद्य सुरक्षा विभाग की तरफ से वीकेश कुमार मीणा,विनोद कुमार मीणा और यशवेंद्र चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को खाद्य सुरक्षा के वारे में जानकारी प्रदान की। प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि टीम के द्वारा हाइजीन एवं मानसिक स्वास्थ्य,कोल्ड ड्रिंक का सेवन ना करने,घरेलू पेय पदार्थ जैसे छाछ,दूध,दही,नींबू पानी का प्रयोग अधिक करने,फास्ट फूड,जंक फूड से होने वाली खतरनाक बीमारियों,अपने भोजन में फलों,हरी सब्जियां,मिलेट्स (बाजरा,मक्का)दालें,ताजे मौसमी फल को शामिल करने।पैकेज फूड पर ट्रांसफैट फ्री,लेबल देखकर उपयोग करना,खान-पान में चीनी,नमक की मात्रा कम करना अधिक चीनी और नमक के प्रयोग से होने वाले दुष्परिणाम और संतुलित आहार लेने के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर मॉडल स्कूल करौली की तरफ से राजेश कुमार मीणा, सोहन पाल जाटव,मुकेश कुमार मीणा दिनेश राघव व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## हर बूंद मायने रखती है, जल संरक्षण, जीवन संरक्षण

स्मार्ट हलचल|बूँदी

शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत रूड़ीप की अधिशाषी अभियंता दीप्ति पाटनी के निर्देशन मैं शहर के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 38 के महावती टोला मे सामुदायिक संवाद कार्यक्रम आयोजित कर परियोजना के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में कैप -आरयूआईडीपी के सचिन मुदगल ने आमजन को नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि नई जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत पानी मीटरयुक्त, पर्याप्त एवं पूर्ण प्रेशर



के साथ मिलेगा और आमजन से अपील कि पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करें,आवश्कतानुसार ही जल का उपयोग करें । पानी की एक-एक बून्द बचाए आज की बचत कल का भविष्य है जल ही जीवन है। जल संरक्षण करना भविष्य के लिए बेहद जरूरी है जीवन जीने के लिए जल का संरक्षण और बचाव बहुत जरूरी होता है;क्योंकि बिना जल के जीवन संभव नहीं है पानी की जरूरत हमारे जीवन भर होती है।पानी प्रकृति का दिया हुआ उपहार है जिसका हमें सम्मान करना चाहिए।

इसी क्रम मै उन्होंने आमजन से अपील करी कि जिनके पास वैध कनेक्शन नहीं है वह जलदाय विभाग से पानी का वैध कनेक्शन लेवे तथा परियोजना के विकास कार्यों मे सहयोग प्रदान करे ताकि परियोजना कार्यों को समय पर पूरा किया जा सके । इसके साथ ही शिकायत अथवा सुझाव के संबंध मै टोल फ्री नंबर 18003099842 के बारे मे अवगत कराया गया । इस कार्यक्रम मैं सीएमएससी के सोशल सेफ़गार्ड नरेश महावर ने अपने व्याख्यान मैं कहा कि पानी बचाने के साथ साथ हमें स्वच्छ और सुंदर बूँदी बनाने मैं अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी । घरों से निकलने वाले कचरे को इधर उधर ना फेंक कर नगरपरिषद द्वारा निर्धारित कचरा पॉइंट अथवा टिपर मैं ही डालें। इस अवसर पर एएनएम पूजा गुर्जर, आशा डोली खत्री , मंजु देवी एवं स्थानीय महिलाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग प्रदान किया।

## मुआवजा नहीं मिलने पर किसानों का विरोध प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल |बानसूर

क्षेत्र के ग्राम आलनपुर की बिसना वाली ढ़ाणी में शुक्रवार को ग्रामीणों ने हाईटेंशन लाइन को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने कंपनी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए बिना मुआवजा दिए कार्य नहीं करने देने की चेतावनी दी।एड़वोकेट बलराम चनेजा ने बताया कि कंपनी ने अभी तक किसानों को भूमि अधिग्रहण का मुआवजा नहीं दिया है, जबकि शुरुआत में डीएलसी रेट का चार गुना मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया था। किसानों द्वारा दो-दो बार कागजात जमा कराने के बावजूद कंपनी द्वारा कागजात अधूरे बताकर टालमटोल किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि खंभे लगाने के दौरान हुई फसल खराबी का मुआवजा भी असमान रूप से दिया गया है। किसी किसान को नुकसान के मुकाबले बेहद कम राशि दी गई, तो कई किसानों को अब तक कोई मुआवजा नहीं मिला।प्रदर्शन कर रहे किसानों ने कहा कि कंपनी के अधिकारी कभी-कभार ही मौके पर आते हैं और केवल आश्वासन देकर लौट जाते हैं। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उचित मुआवजा नहीं मिला, तो विरोध प्रदर्शन और तेज किया जाएगा।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम हुआ आयोजित

स्मार्ट हलचल| बूंदी

शहर के देवपुरा रोड स्थित महावीर मैरिज गार्डन में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम आयोजित हुआ । कार्यक्रम से पूर्व रंजीत निवास से वाहन रैली निकाली गई जो कॉलेज रोड, देवपुरा , सदर थाना रोड होते हुए महावीर मैरिज गार्डन पर पहुंचकर संपन्न हुई । अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण किया । नारी शक्ति वंदन सम्मेलन जिला संयोजक डॉक्टर बृजबाला गुप्ता ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया ।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त अपर उप जिला शिक्षा अधिकारी सुमन लता शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं की राजनीति में सहभागिता बढ़ेगी। अधिनियम से सांसद और विधानसभा में महिलाओं को 33 फीसदी हक मिलेगा । इसके साथ ही शिक्षा , सुरक्षा , नीति निर्माण पर महिलाओं की सीधी भागीदारी होगी । उन्होंने कहा कि महिलाओं की लोकतंत्र में भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री का यह निर्णायक कदम है । उन्होंने सभी महिलाओं से इस नियम के समर्थन में 96671 73333 नंबर पर मिस्ड कॉल करने का आव्हान भी किया ।

पूर्व विधायक व नारी शक्ति वंदन प्रदेश सहसंयोजक चंद्रकांता मेघवाल ने कहा कि आदि आबादी घर को संभालने के साथ ही देश प्रदेश के विकास में भी हिस्सा ले रही है । आज महिलाएं स्टार्टअप ,शिक्षक, खेल ,पुलिस से लेकर विज्ञान समेत कहीं क्षेत्र में प्रतिभा का परचम लहरा रही है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनाया गया है । उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनाओं का बताते हुए कहा महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक मजबूती मिली है ।

एसटी मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता आशा मीणा व महिला जिला अध्यक्ष नूपुर मालव ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की हर योजना में नारी शक्ति केंद्र में है । नारी शक्ति वंदन अधिनियम आने वाले समय में देश में बड़ा सामाजिक क्रांति बन जाएगा । इस अधिनियम से नेशन में महिलाओं के दृष्टिकोण को प्राथमिकता मिलेगी । देश की माता बहने हर योजना व हर निर्णय में शामिल होगी । कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में सिग्नेचर वाल पर हस्ताक्षर भी करवाए गए । कार्यक्रम स्थल पर मानव श्रृंखला बनाकर नारी एकता का परिचय दिया गया । पूर्व शिक्षा उपनिदेशक तेज कवर ने भी अपने विचार व्यक्त किये । पंचायत समिति सदस्य अर्चना कंवर हाडा , पूर्व पार्षद पेंशु सिंह मंचासीन रही । संचालन एडवोकेट रंजना जोशी ने किया । कार्यक्रम में जिलेभर से आई महिलाएं शामिल रही । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## ब्यावर भरतपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे को रद्द करने की मांग को लेकर खेड़ी हैवत में किसान महापंचायत आज

सूरौठ । ब्यावर भरतपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे को रद्द करने की मांग को लेकर 18 अप्रैल को गांव खेड़ी हैवत स्थित गुसाईं बाबा आश्रम पर किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। महापंचायत के मुख्य अतिथि किसान नेता रामपाल जाट होंगे। खेत बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारी गोपाल सिंह डागुर, अजीत सिंह शेरपुर तथा बृज किशोर गोटिया ने बताया कि महा पंचायत में ब्यावर भरतपुर ग्रीन एक्सप्रेस वे को निरस्त करने की मांग की जाएगी तथा किसानों की अन्य समस्याओं पर भी विचार विमर्श होगा।

# राजस्थान पुलिस का 77वां स्थापना दिवसः डीजीपी श्री शर्मा ने समाज के तीन उन असली नायकों को सम्मानित किया, जिन्होंने निस्वार्थ सेवा से बदली हजारों जिंदगियां

### सच्ची सेवा वर्दी की मोहताज नहीं होती; अगर इरादा नेक हो, तो हर व्यक्ति समाज में बदलाव ला सकता है









स्मार्ट हलचल| जयपुर

प्रदेशभर में ऐसे कई लोग हैं जो आपदा प्रबंधन के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में, महिला एवं बाल अत्याचार के मामलों में सहित विविध अपराधों की रोकथाम तथा अपराधियों की गिरफ्तारी में सहायक सूचनाएं उपलब्ध कराने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने सहित अन्य प्रकार से पुलिस कार्यों में उल्लेखनीय सहयोग देते हैं।

सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने वाले इसी प्रकार के लोगों के के कार्यों को प्रोत्साहित करने व अन्य लोगों को भी प्रेरित करने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस के 77वें स्थापना दिवस के गौरवशाली अवसर पर राजस्थान पुलिस ने समाज के उन अनसंग हीरोज का सम्मान किया जिन्होंने निस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा कर पुलिस का सहयोग किया है। समारोह की सांस्कृतिक संध्या के दौरान महानिदेशक पुलिस श्री राजीव शर्मा ने सिरोही के प्रकाश प्रजापति, झालावाड़ के सुजीत कश्यप और उदयपुर की सिंधु बिनुजीत को उनके उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए राज्य स्तरीय प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

डीजीपी श्री शर्मा ने कहा कि पुलिस और समाज के बीच की यह भागीदारी ही एक सुरक्षित और संवेदनशील प्रदेश की नींव है। उन्होंने इन तीनों के कार्यों को पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का पुंज बताया। श्री शर्मा ने कहा कि पुलिसिंग केवल अपराधियों को पकड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के साथ मिलकर एक सुरक्षित वातावरण बनाना भी है। उन्होंने प्रकाश प्रजापति, राम कश्यप और सिंधु बिनुजीत के कार्यों को अनुकरणीय बताया।

## इनके कार्यों का हुआ सम्मान

### प्रकाश प्रजापति (सिरोही) : 27 वर्षों से मानवता के अनन्य उपासक

सिरोही के समाजसेवी प्रकाश प्रजापति पिछले 27 वर्षों से पुलिस और प्रशासन के 'संकटमोचक' बने हुए हैं। इन्होंने अब तक 1584 लावारिस एवं दुर्घटना में मृत शवों को निःशुल्क गंतव्य तक पहुँचाया और विधि-विधान से अंतिम संस्कार कर मानवता का फर्ज निभाया। कोरोना काल जब लोग अपनों को छूने से कतरा रहे थे, तब प्रकाश जी ने 360 कोरोना पॉजिटिव शवों का अंतिम संस्कार करवाया। स्वयं देहदान की घोषणा करने के साथ ही इन्होंने 19 अन्य लोगों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया है।

### सुजीत कश्यप उर्फ राम कश्यप (झालावाड़): जीवन बचाने का जुनून

झालावाड़ के राम कश्यप ने कई मौकों पर 'देवदूत' बनकर लोगों की जान बचाई है। दिसंबर 2025 की कड़ाके की ठंड में झाड़ियों में लावारिस छोड़े गए एक नवजात की जान बचाकर उन्होंने न केवल अस्पताल पहुँचाया बल्कि पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराकर उसे कानूनी संरक्षण दिलाया। सड़क दुर्घटनाओं से लेकर मेले में हुए हादसों और कोटा रेफर किए गए गंभीर मरीजों के साथ ये साये की तरह खड़े रहे। वर्ष 2022 की बाढ़ के दौरान उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर 15-20 परिवारों को सुरक्षित निकाला।

### सिंधु बिनुजीत (उदयपुर): बच्चों के भविष्य की रक्षक

संभाग स्तरीय बाल सुरक्षा सलाहकार सिंधु बिनुजीत ने स्मार्ट पुलिसिंग और बाल संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किया है। डूंगरपुर से शुरू हुआ उनका बाल मित्र थाना और सुरक्षित विद्यालय नवाचार आज पूरे उदयपुर रेंज में मिसाल है। उन्होंने वत्सल वार्ताओं के माध्यम से बच्चों और पुलिस के बीच के डर को आत्मीयता में बदल दिया। यूनिसेफ के साथ मिलकर इन्होंने बी.टी. कॉटन क्षेत्रों में होने वाले बाल श्रम और पलायन को रोकने में निर्णायक भूमिका निभाई, जिसकी सराहना स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा भी की जा चुकी है।

# रेसला ने अवकाश कटौती के विरोध में जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट रेसला संघ के जिलाध्यक्ष बुद्धिप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं मुख्य सचिव को ग्रीष्मकालीन अवकाश में की गई कटौती के विरोध में एवं पूर्व लंबित मांगों को लेकर रेसला के पदाधिकारियों ज्ञापन सौंपा।

एवं साथ ही शिक्षा विभाग के निर्णय को शिक्षकों के हितों के विरुद्ध बताते हुए इसे शीघ्र वापस लेने की मांग की।

ज्ञापन में प्रमुख मांगें रखते हुए जिलामंत्री हरीराम मीणा ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में की गई कटौती को तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए। साथ ही प्राचार्य द्वारा अधिकृत अवकाश केवल 2 ही रखा जाएं। पूर्व में बकाया डीपीसी व प्रधानाचार्य व उप प्रधानाचार्य की काउंसलिंग जल्द कर पदस्थापना की जाए। इसके अतिरिक्त विद्यालयों में स्टाफिंग पैटर्न को प्रभावी रूप से लागू करने तथा कम नामांकन वाले विद्यालयों को बंद करने के बजाय उनमें नामांकन बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं।

संघ के पदाधिकारियों ने उप प्राचार्यों की रिव्यू डीपीसी करवाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई। इस दौरान रेसला जिलाध्यक्ष बुद्धिप्रकाश चौधरी, जिलामंत्री हरिराम मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर श्यावत, महेंद्र, आदर्श शर्मा, मोहन पोसवाल, महिलामंत्री माया मीणा, सिम्पल जैन, माया जाट, उनियारा ब्लॉक अध्यक्ष रामहेत मीणा, बंशीलाल, अशोक जैन, बलराज, राकेश बैरवा, हैमराज गुर्जर, रामावतार वर्मा सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# ब्यावर में 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार': कलेक्टर के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा दल की बड़ी कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की महत्वाकांक्षी योजना 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' के तहत ब्यावर जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान तेज हो गया है। जिला कलेक्टर कमल राम मीणा के विशेष निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा दल ने जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सघन निरीक्षण किया।

### दूध-घी से लेकर फल-सब्जियों तक की जांच

अभियान के दौरान टीम ने बाजार में बिकने वाले प्रमुख खाद्य पदार्थों जैसे दूध, दही, पनीर, घी, वनस्पति तेल, आइसक्रीम, बर्फ और कोल्ड ड्रिंक्स के नमूने लिए। स्वास्थ्य विभाग की यह टीम न केवल डेयरी उत्पादों, बल्कि फल और सब्जियों की शुद्धता पर भी पैनी नजर रख रही है।

विशेष रूप सेः सब्जियों में प्रयुक्त हानिकारक रंगों की पहचान के लिए कैरोटीन परीक्षण किए जा रहे हैं। फलों को कृत्रिम रूप से पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाली एथिलीन गैस की मात्रा की भी सघन जांच की जा रही है।

### व्यापारियों को सख्त चेतावनी

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने व्यापारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे केवल उच्च गुणवत्ता और शुद्ध खाद्य पदार्थों का ही विक्रय करें। प्रतिष्ठानों पर साफ-सफाई और स्वच्छता के मानकों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 'यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा। होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई की दुकानों की नियमित जांच होगी। यदि कहीं भी मिलावट या लापरवाही पाई गई, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।' > – डॉ. संजय गहलोत, सीएमएचओ, ब्यावर

### आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं

प्रशासन की इस सक्रियता से मिलावटखोरों में हड़कंप मचा हुआ है। जिला प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम उपभोक्ताओं को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। जांच दल द्वारा लिए गए नमूनों को प्रयोगशाला भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# साकेत नगर थाना पुलिस की बड़ी कामयाबीः घर में हुई चोरी का महज 7 दिन में खुलासा, शत-प्रतिशत माल बरामद

### सूने मकान में हुई बड़ी चोरी का खुलासा, पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा; 8 लाख के सोने-चांदी के गहने बरामद

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर (साकेत नगर)।** जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के विशेष अभियान के तहत साकेत नगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने करीब एक सप्ताह पूर्व मधुसूदन कॉलोनी क्षेत्र में हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश करते हुए एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया है। साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से शत-प्रतिशत माल बरामद कर लिया है।

### सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों से खुला राज

थानाधिकारी जयपाल सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल को प्रार्थी कैलाश चंद ने घर में सेंधमारी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 10 अप्रैल को हुई इस वारदात में करीब 8 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग टीमें गठित कीं। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक संदिग्ध बालक को डिटेन किया गया। मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर उसने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली।

### सुनार भी चढ़ा पुलिस के हत्थे

नाबालिग से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी उमाशंकर (21 वर्ष) पुत्र मधुमंगल सोनी, निवासी साकेत नगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर चोरी गया सारा माल–जिसमें सोने का हार, मंगलसूत्र, अंगूठियां (2.5 तोला), कान के टॉप्स और चांदी की पायजेब व कनकती शामिल हैं–बरामद कर लिया है।

### पुलिस टीम की सफलता

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक गणपतराम, हैड कांस्टेबल किशनाराम, और कांस्टेबल रणजीत, जालाराम, दिनेश, मुकेश सहित पूरी टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की तत्परता और शत-प्रतिशत बरामदगी की सराहना की है।

# विजय नगर की काश्वी जैन ने 10वीं में हासिल किए 94.8% अंक

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** विजय नगरः सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में विजय नगर की होनहार छात्रा काश्वी जैन ने 94.8% अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। काश्वी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

भविष्य में डॉक्टर बनकर जनसेवा करने का लक्ष्य रखने वाली काश्वी की इस सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी मेहनत और अनुशासन आज अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा बन गया है। परिजनों और शुभचिंतकों ने काश्वी को उज्ज्वल भविष्य की



शुभकामनाएं दी हैं।

# बाबूलाल अजमेरा 'साहू समाज केसरी' की उपाधि से सम्मानित

## समाज ने भेंट की 'गोल्डन गदा'

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** स्थानीय साहू समाज द्वारा आयोजित एक गरिमामय समारोह में समाज सेवी बाबूलाल अजमेरा को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'साहू समाज केसरी' की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। समाज के प्रति उनके अटूट समर्पण और विशेष रूप से साहू वाटिका अध्यक्ष के रूप में उनके तीन वर्षों के गौरवशाली कार्यकाल को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया।

भावुक क्षण और सराहना



कार्यक्रम के दौरान श्री तेलियान साहू वैवाहिक समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार जादम काफी भावुक नजर आए। उन्होंने अजमेरा की सराहना करते हुए कहाः 'धन्य है वह माँ जिसने ऐसे सपूत को जन्म दिया। बाबूलाल जी ने अपनी कर्मठता से समाज को जिन ऊंचाइयों पर पहुँचाया है, वह हम सभी के लिए प्रेरणा का अखंड स्रोत है। वे हमारे समाज की सबसे बड़ी धरोहर हैं। '

सम्मान में 'गोल्डन गदा' भेंट

अजमेरा के नेतृत्व में साहू वाटिका के विकास और समाज को मिली नई पहचान की समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्हें प्रतीक स्वरूप 'गोल्डन गदा' भेंट की गई, जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह ने हर्ष व्यक्त किया।

भविष्य का संकल्प

अपनी इस उपलब्धि पर विनम्रता व्यक्त करते हुए बाबूलाल अजमेरा ने कहा कि यह सम्मान उनकी जिम्मेदारी को और बढ़ाता है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे भविष्य में भी इसी ऊर्जा और निष्ठा के साथ समाज के उत्थान और कल्याणकारी कार्यों में संलग्न रहेंगे।

उपस्थित गणमान्यः कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के पदाधिकारी, वरिष्ठ सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने अजमेरा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

# अवैध बजरी से भरा ट्रेलर जब्त, खनन माफियाओं में हड़कंप

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार अवैध बजरी खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना सावर ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक ट्रेलर को बजरी सहित जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक अजमेर हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केकड़ी राजेश मील के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी केकड़ी हर्षित शर्मा के सुपरविजन में थानाधिकारी राधेश्याम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देवली रोड, सावर पर नाकाबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से बजरी भरकर परिवहन कर रहे एक ट्रेलर (आरजे 37 जीबी 2650) को डिटेन कर जब्त किया गया।

पुलिस द्वारा जब्त वाहन को थाने में खड़ा करवाया गया है तथा मामले की सूचना खनिज विभाग को भेज दी गई है, जहां से आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में थानाधिकारी राधेश्याम चौधरी, सरदार सिंह, छोटूराम, रमेशचंद, विनोद सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहे।

# डिजिटल जनगणना की ओर बढ़ते कदमः ब्यावर में फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** आगामी जनगणना 2027 को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर में आयोजित 20 फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच का तीन दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 15 अप्रैल से शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य जनगणना कार्य को पूरी तरह डिजिटल और त्रुटिहीन बनाना है।

### महावीर कॉलोनी में हुआ 'डोर-टू-डोर' अभ्यास

प्रशिक्षण के अंतिम दिन आज 17 अप्रैल को प्रशिक्षुओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव (फील्ड विजिट) भी प्रदान किया गया। जिले के जालिया रोड स्थित महावीर कॉलोनी में फील्ड ट्रेनर्स ने घर-घर जाकर एचएलओ मोबाइल ऐप पर डेटा फीड करने का अभ्यास किया। इस दौरान उप जिला जनगणना अधिकारी कैलाश चन्द और मास्टर ट्रेनर्स ने मौजूद रहकर बारीकियों को समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे मोबाइल ऐप के जरिए जनगणना डेटा को सुरक्षित और त्वरित रूप से केंद्र तक पहुँचाया जा



सकता है।

### जनगणना से जन कल्याण' का संकल्प

समापन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले ट्रेनर्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है। उन्होंने जोर दिया किः

'जनगणना से जन कल्याण की भावना तभी प्रासंगिक होगी जब हमारा डेटा सटीक होगा। इस कार्य में फील्ड ट्रेनर्स की भूमिका रीढ़ की हड्डी के समान है। '

### मुख्य आकर्षणः

डिजिटल इंडिया का प्रभावः पहली बार डेटा संकलन के लिए आधुनिक एचएलओ ऐप का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया। सफलतापूर्वक प्रशिक्षणः 20 फील्ड ट्रेनर्स का पहला बैच अब फील्ड में सुपरवाइजर्स और एनुमेरेटर्स को प्रशिक्षित करने के लिए तैयार है। व्यावहारिक सीखः क्लासरूम ट्रेनिंग के बाद सीधे फील्ड में जाकर डेटा भरने की प्रक्रिया को परखा गया।

# भीषण गर्मी में पक्षियों का सहाराः हिंदू हेल्पलाइन ने टेकरी वाले बालाजी मंदिर से शुरू किया अभियान

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान की झुलसाती गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच बेजुबान पक्षियों को राहत देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की इकाई हिंदू हेल्पलाइन ने एक मानवीय पहल की है। संगठन द्वारा 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले 'परिंडा लगाओ पखवाड़ा' अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।

### महंत के सान्निध्य में हुआ शुभारंभ

अभियान की शुरुआत टेकरी वाले बालाजी मंदिर में महंत रामेश्वर पुरी के सान्निध्य एवं अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर और शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर मिट्टी के परिंडे बांधे गए।

### 300 परिंडों का लक्ष्य और जिम्मेदारी का संकल्प

प्रांत अध्यक्ष मुकेश सोनी ने बताया कि इस पखवाड़े के तहत अकेले ब्यावर नगर में 300 से अधिक परिंडे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। खास बात यह है कि संगठन ने केवल परिंडे लगाने तक ही सीमित न रहकर, उनमें नियमित रूप से



पानी भरने और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी अलग-अलग कार्यकर्ताओं को सौंपी है।

### धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व

मुकेश सोनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, 'पशु-पक्षियों का संरक्षण न केवल धार्मिक दृष्टि से पुण्य का कार्य है, बल्कि पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए भी वैज्ञानिक रूप से अनिवार्य है। '

### कार्यकर्ताओं की उपस्थिति

कार्यक्रम के दौरान संगठन के महामंत्री मनीष व्यास, नगर उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, विधिक सलाहकार एडवोकेट सुनील दुबे, संगठन मंत्री बंटी कुमावत सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पक्षियों की रक्षा का संकल्प लिया।

### जनता से मार्मिक अपील

हिंदू हेल्पलाइन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे इस भीषण गर्मी में अपने घरों की छतों, बालकनी और मोहल्लों में परिंडे जरूर लगाएं, ताकि कोई भी पक्षी प्यास के कारण दम न तोड़े।





# बॉडी नहीं बनाती ओमेगा-3, शाकाहारी लोगों के लिए बहुत जरूरी हैं ये बीज

**ओमेगा 3 एक जरूरी फैटी एसिड है, जिसे शरीर नहीं बना पाता है। इसलिए इसकी कमी का खतरा काफी ज्यादा होता है। जिससे बचने के लिए इन फूड्स का सेवन करना चाहिए।**

शरीर को कई तरह के फैट की जरूरत होती है ताकि शरीर का काम सही चलता रहे। मगर ओमेगा-3 फैटी एसिड को बॉडी खुद नहीं बना पाती है और उसे फूड्स पर निर्भर रहना पड़ता है। वरना शरीर में इसकी भारी कमी हो सकती है।
सेल्स के फंक्शन के लिए यह न्यूट्रिएंट बहुत जरूरी होता है। शरीर में ओमेगा-3 की कमी से कई सारी दिक्कतें होने लगती हैं। जिनके बारे में न्यूट्रिशनिस्ट किरण कुकरेजा ने जानकारी दी है। एक्सपर्ट ने इसे पाने के लिए कुछ फूड्स खाने की सलाह भी दी है।

## ओमेगा-3 की कमी से झेलनी होगी ये दिक्कतें

### ड्राई स्किन, हेयर और आई




हेल्दी स्किन और हेयर के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड बहुत जरूरी है। वहीं, आंखों की नमी और रेटिना में इसका हाई कंसंट्रेशन होता है। इसलिए इसकी डेफिशिएंसी त्वचा, बाल और आंखों में रूखापन कर सकती है।

### नाखून हो जाएंगे कमजोर

नाखूनों की सेल्स को जोड़े रखने के लिए भी यह फैट जरूरी होता है। इसके कम होने पर सेल्स मेंब्रेन ढीले और कमजोर होने लगते हैं। जिससे नाखून कमजोर और नाजुक हो जाते हैं।

### बीमारियों का घर बनेगा दिल



ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी से दिल बीमारियों का घर बन सकता है। क्योंकि, यह कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। जो कि नसों को सिकोड़ने और डैमेज करके दिल की बीमारियों का प्रमुख कारण बनती हैं।

## शाकाहारी लोगों के लिए ओमेगा-3 फूड

शाकाहारी लोग इसे पाने के लिए अलसी के बीज, चिया सीड्स और अखरोट का सेवन कर सकते हैं। इनमें इसका प्रकार अल्फा लिनोलेनिक एसिड (एएलए) प्रचुर मात्रा में होता है। साथ में फोर्टिफाइड दूध, योगर्ट आदि का सेवन भी कर सकते हैं।

## ओमेगा-3 के नॉन वेजिटेरियन फूड

मछलियों में ओमेगा-3 फैट काफी होता है। इसके लिए सैल्मन, मैक्रेल, टूना, सार्डिन आदि फैटी फिश का सेवन कर सकते हैं।



# गर्मी के मौसम में मसाज के फायदे

गर्मियों का मौसम आ चुका है। इस मौसम में बाहर निकलने पर बढ़ती धूप और गर्म हवा आपको परेशान कर देती है। इसके अलावा रोज की भागदौड़ भरी दिनचर्या लोगों को थका देती है। इसके बाद शरीर पर थकान हावी हो जाती है। इसके बाद कुछ भी करने का मन नहीं करता है। यदि आपको इस मौसम में तरोताजा रहना है तो मसाज एक अच्छा उपाय हो सकता है। मसाज लेने के बाद आप एक बार फिर से तन और मन से ताजगी महसूस करने लगते हैं।

## मसाज के फायदे

- मसाज से मांसपेशियो की सिकुड़ने और फैलने की क्षमता में बढोत्तरी होती है। इसके अलावा मेटाबॉलिजम का कार्य सही से होने लगता है।
- मसाज से ब्लड सर्कुलेशन सुचारु रूप से काम करता है।
- मसाज करने से नींद अच्छी आती है। जिसके चलते आंखों की रोशनी बढ़ती है। और स्किन चमकदार बन जाती है।
- मसाज करने के दौरान लंबी-लंबी सांसें लेने से शरीर के अंदर मौजूद कई विकार बाहर निकल जाते हैं। इसके बाद शरीर में स्फूर्ति आ जाती है।
- मसाज रोज करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।
- मसाज से रंग में निखार आता है और स्किन चमकदार बन जाती है।
- मसाज से मस्तिष्क में तरावट एवं मानसिक शक्ति का अनुभव होता है।
- मसाज के बाद स्किन के छिद्रों में तेल भरे रहने से जीवाणुओं शरीर के अंदर जाने का खतरा नहीं रहता है।

## इनकी भी होती है मसाज

- माथे की मसाज
- गालों की मालिश
- ठुड्डी की मसाज
- गर्दन की मसाज





# गर्मियों में खाएं ये चीजें चिलचिलाती गर्मी में भी शरीर रहेगा ठंडा

**गर्मियों में तेज धूप, पसीना, गर्म हवाओं की वजह से शरीर में पानी की कमी यानी शरीर में डिहाइड्रेशन पैदा कर सकती है। इस मौसम में शरीर से सारे इलेक्ट्रोलाइट्स निकलने का खतरा होता है।**

भारत में गर्मियों का मौसम जारी है और कई जगहों पर पारा 40 डिग्री को भी पार कर गया है। गर्मी की वजह से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। भाषण गर्मी में पंखा और कूलर भी साथ नहीं दे रहे हैं। अगले कुछ हफ्तों में गर्मी का सितम और बढ़ेगा और ऐसा वक्त आ जाएगा जब एसी भी काम नहीं करेगी। जाहिर है गर्मी का शरीर पर सबसे ज्यादा बुरा प्रभाव पड़ता है।
गर्मियों में तेज धूप, पसीना, गर्म हवाओं की वजह से शरीर में पानी की कमी यानी शरीर में डिहाइड्रेशन पैदा कर सकती है। इस मौसम में शरीर से सारे इलेक्ट्रोलाइट्स निकलने का खतरा होता है। लंबे समय तक डिहाइड्रेशन की वजह से चक्कर आना, सिरदर्द, ऊर्जा की कमी, भ्रम और यहां तक कि बेहोशी जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। डाइट एक्सप्रेशन की फाउंडर और न्यूट्रिशनिस्ट पारुल के अनुसार, गर्मियों में डिहाइड्रेशन से बचने के लिए सिर्फ पानी काफी नहीं है। आपके खाने में कार्ब्स, विटामिन और मिनरल वाली चीजें भी उतनी ही जरूरी हैं। कुछ चीजें हैं जिनका गर्मियों में सेवन करने से शरीर को ठंडा रखा जा सकता है और किसी भी तरह की समस्या से बचा जा सकता है।

## केला और अवोकेडो

इन दोनों फलों में कार्ब्स की मात्रा अधिक होती है। इसके अलाव यह फाइबर के अच्छे स्रोत हैं। यह दोनों इलेक्ट्रोलाइट का लेवल बनाए रखते हैं। इन दोनों का शरीर पर ठंडा प्रभाव पड़ता है।

## लौकी परिवार की सब्जियां

गर्मियों के दिनों शरीर को ठंडा रखने के लिए आपको लौकी परिवार की सब्जियां जैसे लौकी, कद्दू, करेला, तुरई आदि का खूब सेवन करना चाहिए। इनमें पानी की मात्रा होने के साथ सभी जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं।

## साब्जा सीड्स

इन छोटे-छोटे बीजों में फाइबर और प्रोटीन की मात्रा अधिक होती है। इसके अलावा यह ओमेगा-3 फैटी एसिड, पोटैशियम, विटामिन सी आदि का भी भंडार है। यह तत्व गर्मी को कम करते हैं और पेट को ठंडा रखते हैं।


## खट्टे फल

जूस वाले खट्टे फल जैसे संतरे, नींबू, कीनू और मौसंबी आदि में जरूरी पोषक तव जैसे विटामिन ए, बी और सी पाया जाता है। यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट का लेवल बनाए रखते हैं।

## दही

घर की बनी दही पोषक तत्वों का खजाना है और यह पेट के लिए एक नैचुरल प्रोबायोटिक है, जो शरीर को ठंडा रख सकती है। आप खाने में दही या इसका रायता बनाकर इस्तेमाल करें।







**आजकल सिर्फ व्यस्क ही नहीं बल्कि युवाओं को भी इसका सामना करना पड़ रहा है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि खराब खानपान और सुस्त जीवनशैली इसका सबसे बड़ा कारण हैं। कुछ खाद्य पदार्थ खून की नसों में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने का काम करते हैं। इनमें गर्मियों में मिलने वाले कुछ फल भी शामिल हैं।**

# खून की नसों में चिपके जिद्दी कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकाल देंगे गर्मियों के ये 5 फल

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना आजकल की एक गंभीर और आम समस्या बन गई है। आजकल सिर्फ व्यस्क ही नहीं बल्कि युवाओं को भी इसका सामना करना पड़ रहा है। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि खराब खानपान और सुस्त जीवनशैली इसका सबसे बड़ा कारण हैं। यह कोई आम समस्या नहीं है और इससे दिल से जुड़े रोगों, स्ट्रोक यानी दिमाग का दौरा और हार्ट अटैक जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारियों का खतरा है। कोलेस्ट्रॉल शरीर की हर कोशिका में पाया जाता है। यह शरीर के लिए जरूरी भी है लेकिन वो अच्छा कोलेस्ट्रॉल होता है। अच्छा कोलेस्ट्रॉल खाद्य पदार्थों का पाचन, हार्मोन का उत्पादन और अन्य कई काम करता है। यह सभी कचरे और विषाक्त पदार्थों को वापस लीवर में पहुंचाता है। लेकिन एक खराब कोलेस्ट्रॉल भी है, जो धमनियों की दीवारों पर पट्टिका की एक परत बनाता है, जिससे रक्त का प्रवाह मुश्किल हो जाता है, जो आगे चलकर हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज और स्ट्रोक का कारण बन सकता है।
कुछ खाद्य पदार्थ खून की नसों में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को बाहर निकालने का काम करते हैं। इनमें गर्मियों में मिलने वाले कुछ फल भी शामिल हैं। चूंकि गर्मियों का मौसम जारी है, तो ऐसे में आपको इन सस्ते फलों का खून सेवन करना चाहिए जिससे शरीर से यह गंदा पदार्थ बाहर निकल सके और आपका ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बना रहे।

## पपीता

फाइबर से भरपूर पपीता हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। यह खराब कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी कंट्रोल करता है। फाइबर पाचन को बेहतर बनाने में सहायक है और यह आंतों की भी सफाई करता है।

## अंगूर



एनसीबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, अंगूर फाइबर का एक बेहतर स्रोत है। इस तरह अंगूर का नियमित सेवन कोलेस्ट्रॉल लेवल को नैचुरली कम करने में मदद करता है। अंगूर वजन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है, जिसे हृदय रोगों के पीछे एक और कारण बताया जाता है।

## खट्टे फल

गर्मियों में सभी तरह के खट्टे फल खाना दिल से जुड़ी बीमारियों को दूर करने में फायदेमंद साबित हो सकते हैं। आप अपने खाने में नींबू और संतरे जैसे खट्टे फल शामिल कर सकते हैं क्योंकि यह विटामिन सी से भरे होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को भी बढ़ाते हैं।

## सेब



सेब एक ऐसा फल है, जो सिर्फ कोलेस्ट्रॉल ही नहीं बल्कि शरीर में जमा अन्य गंदे पदार्थों को भी कम कर सकता है. सभी हृदय रोगियों को अपने खाने में सेब को शामिल करना चाहिए क्योंकि यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को नैचुरली कम करने में मदद करता है। सेब में फाइबर पेक्टिन की मौजूदगी कोलेस्ट्रॉल लाल को कम करने में मदद करती है।

## स्ट्रॉबेरी

एनसीबीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, मानव शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने के लिए स्ट्रॉबेरी एक बेहतर फरूट है। यह एंटीऑक्सिडेंट का बेहतर स्रोत है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसके अलावा यह विटामिन का भंडार है और इसमें कैलोरी बहुत कम होती है।



# स्वाद के साथ सेहत की खान है आम

**स्वाद के साथ फायदों की खान है आम। जी हां, आम को फलों का राजा माना जाता है। गर्मियां तो बिना आम के सेवन अधूरी है। आप कोई भी फल खा लें लेकिन आम को अपनी फ्रूट बास्केट में शामिल करना न भूलें। स्वाद के साथ आम खाने के कई फायदे हैं।**

## कैंसर से बचाव

आम में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट कोलोन कैंसर, ल्यूकेमिया और प्रोस्टेट कैंसर से बचाव में फायदेमंद है। इसमें क्यूर्सेटिन, एस्ट्रागालिन और फिसेटिन जैसे ऐसे कई तत्व होते हैं जो कैंसर से बचाव करने में मददगार होते हैं।

## कोलेस्ट्रॉल नियमित रखने में

आम में फाइबर और विटामिन सी खूब होता है। इससे बैड कोलेस्ट्रॉल संतुलन बनाने में मदद मिलती है।

## पाचन क्रिया को ठीक रखने में

आम में ऐसे कई एंजाइम्स होते हैं जो प्रोटीन को तोड़ने का काम करते हैं। इससे भोजन जल्दी पच जाता है। साथ ही इसमें उपस्थित साइर्टिक एसिड, टरटैरिक एसिड शरीर के भीतर क्षारीय तत्वों को संतुलित बनाए रखता है।

## स्मरण शक्ति में मददगार

जिन लोगों को भूलने की बीमारी हो उन्हें आम का सेवन करना चाहिए। इसमें पाया जाने वाला ग्लूटामिन एसिड नामक एक तत्व स्मरण शक्ति को बढ़ाने में उत्प्रेरक की तरह काम करता है। साथ ही इससे रक्त कोशिकाएं भी सक्रिय होती हैं। इसीलिए गर्भवती महिलाओं को आम खाने की सलाह दी जाती है।

## त्वचा के लिए है फायदेमंद

आम के गुदे का पैक लगाने या फिर उसे चेहरे पर मलने से चेहरे पर निखार आता है और विटामिन सी संक्रमण से भी बचाव करता है।

## मोटापा कम करने में

मोटापा कम करने के लिए भी आम एक अच्छा उपाय है। आम की गुठली में मौजूद रेशे शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। आम खाने के बाद भूख कम लगती है, जिससे ओवर ईटिंग का खतरा कम हो जाता है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में

आम खाने से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता में भी इजाफा होता है।



# बच्चों को सिखाएं हेल्दी फूड हैबिट

बच्चों के बड़े होने पर उन्हें पोषण देने के लिए जरूरी है कि बचपन से ही उन्हें अच्छा पोषण दिया जाए। लेकिन उसके लिए सही शुरुआत करें और स्वस्थ खाना सिखाएं। बच्चे इन स्वस्थ आदतों को खुद अनुभव करके और दूसरों को देखकर सीखते हैं। बच्चों को अच्छी खाने की आदतें सिखाना शुरू करना कभी भी जल्दी नहीं होता है। इसके लिए आप नीचे दिए टिप्स भी अपना सकते हैं जिससे बच्चे सही समय पर स्वस्थ खाना सीखें जो उन्हें बड़े होने तक फायदा पहुंचाएगा।

## सभी साथ बैठकर खाएं

एक परिवार के रूप में एक साथ खाना खानाज जरूरी है। बच्चों को सिखाएं कि सभी साथ बैठें। इससे बच्चों के सामने आप हर तरह की सब्जियां खाकर दिखाएंगे तो वो भी आपसे सीखेंगे। साथ ही उन्हें लोगों के सामने व्यवहार करना भी आएगा। इससे एक फायदा होगा कि बच्चा खाना खाते समय फोन या टीवी भी नहीं देखेगा।

## बच्चों को चुनने दें

जरूरी नहीं जो हम खा रहे हों वो सभी चीजें बच्चे खाएं। बच्चों के लिए अलग से खाना न बनाएं लेकिन जो आप बना रहे हैं या बड़े खा रहे हैं वो सभी चीज बच्चों को जबरदस्ती न खिलाएं। बच्चों को खुद चुनने दें कि वो इन सबमें से क्या खाना चाहते हैं।

## अपनी कोशिश जारी रखें

बच्चों को हेल्दी फूड हैबिट सिखाने में समय लग सकता है। ऐसे में अपनी कोशिश न छोड़ें। शुरुआत में बच्चे नखरे करेंगे लेकिन आपकी कोशिश जारी रही तो बच्चों की आदत भी बदलेगी। कभी-कभी बच्चों को यह चुनने दें कि खाने में क्या सब्जी बननी चाहिए। साथ ही उन्हें उसे बनाने में मदद के लिए कहें।

## लालच देकर न खिलाएं

बच्चों को लालच देकर खाना खत्म करने को न कहें। बच्चों को डेजर्ट के लालच में खाना खाने को न कहें। कई माता-पिता इस बात पर जोर देते हैं कि अगर बच्चे पूरा खाना खाएंगे तो उन्हें मिठाई मिलेगी। ऐसा न करें। उन्हें भूख के अनुसार खाना सिखाएं।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com